दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 3 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक-261 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

छत्तीसगढ़ समेत चार राज्यों के निजाम तय होंगे आज

90 सीटों पर 1181 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज

रायपुर/नवप्रदेश। आज छत्तीसगढ़ समेत मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलगांना विधानसभा चुनाव के परिणाम आएंगे। वहीं मिजोरम में सोमवार को मतगणना होगी। सरकारी कर्मचारियों, सीनियर सिटिजन और दिव्यांगों के पोस्टल बैलेट के साथ काउंटिंग सुबह 8 बजे शुरू होगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के बाद माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ कांग्रेस की सत्ता में वापसी होगी। सभी 8 पोल कांग्रेस की दोबारा सत्ता में वापसी करवा रहे हैं। इनमें से पांच पोल में भाजपा सत्ता से 4 से 6 सीट दूर दिख रही है। पोल ऑफ पोल्स में भाजपा को 39, कांग्रेस को 48 और अन्य को 3 सीटें मिलने का अनुमान है। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। दो चरणों में हुए मतदान के बाद सभी 33 जिला मुख्यालयों तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले चरण में 20 सीटों के लिए 223 व दूसरे चरण की 70 सीटों के लिए कुल 958 समेत 1181 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

इन वीआईपी सीटों पर देश-प्रदेश की नजरें

छत्तीसगढ़ की 90 में से लगभग 20 वीआईपी सीटों पर भी देश-प्रदेश की नजरें रहेंगी। जिनमें दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा। जहां से सीएम भूपेश बघेल उम्मीदवार हैं। यहां बीजेपी ने उनके भतीजे विजय बघेल को उतारा है। राजनांदगांव जहां से पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के सामने कांग्रेस से गिरीश देवांगन हैं। साजा विधानसभा सीट, जहां कांग्रेस के रविंद्र चौबे के सामने बीजेपी ने ईश्वर साहू मैदान में हैं। रायगढ़ विस पर पूर्व आईएएस ओपी चौधरी, रायपुर दक्षिण पर बृजमोहन के सामने राम सुंदर दास महंत, रायपुर उत्तर में त्रिकोणीय मुकाबला, कोंटा विस, सक्ती, कोटा, दुर्ग ग्रामीण, खरसिया, लोरमी, अंबिकापुर, कोंडागांव, सीतापुर, कवर्धा, भिलाई नगर, बिलासपुर और कोटा, कुरूद जैसी सीट हैं।

7 हजार कर्मचारी करेंगे गणना

प्रदेशभर के 33 जिलों में मतगणना में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहेंगे। साथ ही मतगणना केंद्रों के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की मौजूदगी रहेगी। मतगणना की शुरूआत सुबह आठ बजे से होगी। छत्तीसगढ़ में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महिलाओं ने किया ज्यादा मतदान

छत्तीसगढ़ में इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा रही है। प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए मतदान में कुल 1 करोड़ 55 लाख 61 हजार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें 77 लाख 48 हजार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं। इस साल अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिला मतदाताओं की कुल संख्या भी वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या से अधिक है।

ईटीपीबीएस मतों की काउंटिंग सबसे पहले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट सिस्टम) से मिले मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े 8 बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी।

सीएम की पीएम को चिट्ठी ऑनलाइन बेटिंग हो बैन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऑनलाइन बेटिंग के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफार्म और वेबसाइट को प्रतिबंध लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि बीते कई सालों से ऑनलाइन बेटिंग, गेमिंग के माध्यम से जुआ और सट्टा के कारोबार का देश व्यापी विस्तार हुआ है। इसके संचालक विदेश में अवैध कारोबार का संचालन करते आ रहे हैं। इस पर केंद्र स्तर कार्रवाई ही संभव है। छत्तीसगढ़ सरकार और यहां की पुलिस प्रशासन शुरू से ही इस अवैध कारोबार पर कठोर कार्रवाई करते आ रही है। इस संबंध में कई अपराध भी दर्ज किए गए हैं और संलिप्त आरोपियों को पकड़कर उनके परिसंपत्तियों जब्त करने में भी सफलता मिली है। उन्होंने पत्र में लिखा कि इस संबंध में मार्च 2022 से अब तक 90 से अधिक आपराधिक प्रकरण छत्तीसगढ़ पुलिस ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अयोध्या में 320 करोड़ की लागत से श्रीराम एयरपोर्ट तैयार

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या का मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है। इसका टर्मिनल का डिजाइन राम मंदिर जैसा है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले इसे शुरू कर दिया जाएगा।

इससे पहले सीएम योगी शनिवार को एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी रहे। सभी ने एयरपोर्ट के निर्माण काम का जायजा लिया। टर्मिनल बिल्डिंग में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम और मंत्रियों के निरीक्षण के बाद एयरपोर्ट के उद्घाटन और उड़ान की डेट जल्द तय होगी। इसके साथ ही किराया भी तय किया जाएगा। इधर, एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सबसे पहले भारतीय एयरलाइन कंपनी इंडिगो दिल्ली और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू करेगी। दिल्ली के लिए रोज और अहमदाबाद के लिए हफ्ते में तीन दिन फ्लाइट मिलेगी। सरकार 320 करोड़ की लागत से श्रीराम एयरपोर्ट बना रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, एयरपोर्ट की बिल्डिंग राम मंदिर की तर्ज बनाई जा रही है। एयरपोर्ट का मुख्य भवन राजस्थान के बंशी पहाड़पुर के पत्थरों से बनाया जा रहा है। एयरपोर्ट का निर्माण तीन फेस में किया जा रहा है। पहले फेस में घरेलू उड़ान की सुविधा होगी। पूरे देश के एयरपोर्ट से अयोध्या की कनेक्टिविटी होगी। यहां पर 500 यात्रियों के एक बार में आने और जाने की सुविधा होगी।

आज बेबाक

आईसीसी विश्वकप के फाइनल मैच में आस्ट्रेलिया के हाथों मिली पराजय का भारत ने हिसाब बराबर कर दिया। टी-20 सीरीज जीत ली। इसी के साथ भारत विश्व में सबसे ज्यादा टी-20 मैच जीतने वाला देश बन गया। टीम इंडिया ने साबित कर दिया की वही दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीम है। अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में भी भारतीय क्रिकेट टीम सबसे प्रबल दावेदार के रूप में सामने आयेगी। अभी टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जायेगी। उम्मीद है कि वहां भी वह बेहतर प्रदर्शन कर अपनी जीत का परचम लहरायेगी।

उपराष्ट्रपति आज रायपुर दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सभी की नजर 3 दिसंबर पर है। भाजपा हो या कांग्रेस कौन होगा छत्तीसगढ़ का बदशाह, इसका पता तो मतगणना होने के बाद ही चलेगा।

शरद पवार कहते कुछ करते कुछ हैं : अजीत

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा कि शरद पवार खुद ही एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहते थे। लेकिन वे हमसे कहते कुछ और थे, करते कुछ और थे। अजित ने यह बात शुक्रवार (1 दिसंबर को) रायगढ़ के कर्जत में हुए एनसीपी अधिवेशन में कही। वे बोले कि शरद ने लगातार अपनी भूमिका बदली। इस घटनाक्रम की सारी जानकारी सुप्रिया सुले को थी। अजित ने यह भी बताया कि शरद पवार ने ही उनसे सत्ता में भागीदारी के लिए कहा था। शरद पवार ने 2 मई को एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद अजित पार्टी अध्यक्ष बने थे। हालांकि बाद में शरद ने अपना फैसला वापस ले लिया था और अजित पवार ने अपना अलग गुट बनाकर महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल होने का फैसला किया था। जुलाई 2023 में उन्हें डिप्टी सीएम बनाया गया। अजित पवार ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल, अजित पवार, छगन भुजबल, सुनील तटकरे, जयंत पाटिल, अनिल देशमुख, रामराजे नाइक निंबालकर, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, हम में से 10-12 लोग देवगिरी में बैठे थे। हम सोच रहे थे कि आगे क्या करें। फिर हमने सुप्रिया को बुलाया, क्योंकि हमें लग रहा था कि अगर सीधा शरद पवार को बताया तो वह क्या सोचेंगे। इसलिए पहले सुप्रिया को सब कुछ बताया। तब सुप्रिया ने 8-10 दिन का वक्त मांगा था और कहा कि ये उन पर छोड़ दीजिए कि करना क्या है, वे शरद पवार को मना लेंगी। अजित समेत बाकी नेताओं ने 8 दिन इंतजार किया। फिर साथ बैठकर फैसला किया कि हमें ही साहब (शरद पवार) से बात करनी चाहिए, क्योंकि विधायकों के कामकाज पर रोक लगा दी गई थी।

महुआ मोइत्रा केस : कल सदन में रिपोर्ट पेश करेगा लोकसभा एथिक्स पैनल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कैश फॉर क्वेरी केस में फंसी तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी सोमवार, 4 दिसंबर, को रिपोर्ट पेश करेगी। इस रिपोर्ट में महुआ को सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। अगर लोकसभा में पैनल की इस रिपोर्ट के सुझाव के समर्थन में वोट पड़ते हैं, तो मोइत्रा को सदन से निष्कासित कर दिया जाएगा। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इस सत्र को लेकर लोकसभा सेक्रेटेरिएट ने एजेंडा पेपर्स जारी किया है, जिसके मुताबिक एथिक्स कमेटी के चेयरपर्सन विनोद कुमार सोनकर पैनल की पहली रिपोर्ट पेश करेंगे। कमेटी ने 9 नवंबर की मीटिंग में इस रिपोर्ट को स्वीकार किया था। एथिक्स कमेटी के छह सदस्यों ने इस रिपोर्ट के समर्थन में वोट किया था। इसमें कांग्रेस सांसद प्रिनीत कौर भी शामिल थीं। इस रिपोर्ट के खिलाफ वोट करने वाले चार सदस्य विपक्षी दलों से थे। पैनल में विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच बताया है।

मोदी छवि सुधारने के लिए ले रहे हैं सेल्फी का सहारा : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी गिरती छवि के कारण परेशान हैं और 2024 के आम चुनाव उनकी परेशानी की सबसे बड़ी वजह है इसलिए सेल्फी का सहारा लेकर अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सेल्फी और सेल्फके प्रति मुग्ध प्रधानमंत्री लोकसभा चुनावों से पहले बेहद असुरक्षित हैं। वह अपनी गिरती छवि को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा छवि बचाने के लिए सबसे पहले, सेना को सेल्फी पॉइंट स्थापित करने के लिए कहा गया था। फिर आईएएस अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से 'रथ यात्रा' निकालने के लिए कहा। अब यूजीसी को विश्वविद्यालयों में सेल्फी प्वाइंट बनाने का निर्देश दिया गया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कल महाराष्ट्र के दौरे पर मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नौसेना दिवस पर महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी चार दिसम्बर को एक दिन की महाराष्ट्र यात्रा पर जा रहे हैं और इस दौरान वह नौसेना दिवस समारोह में भी शामिल होंगे। इस वर्ष सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस मनाया जा रहा और प्रधानमंत्री तारकरली समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग से नौसेना के युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों की संचालन संबंधी क्षमता का प्रदर्शन भी देखेंगे। मोदी ने पिछले वर्ष पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को राष्ट्र को समर्पित करने के मौके पर नौसेना के नये निशान का अनावरण किया था।

ईडी अफसर 20 लाख घूस लेते गिरफ्तार

मदुरै (एजेंसी)। तमिलनाडु में ईडी के एक अफसर को 20 लाख रुपए घूस लेने के आरोप में राज्य की एंटी करप्शन और विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ईडी के अफसर का नाम अंकित तिवारी है। वह मदुरै ईडी ऑफिस में पोस्टेड है। स्टेट एजेंसीज ईडी ऑफिस और तिवारी के घर की जांच कर रही है। स्टेट एजेंसीज के मुताबिक, ईडी अधिकारी ने एक सरकारी डॉक्टर को पुराने मामले में डरा-धमकाकर 3 करोड़ रुपए की डिमांड की थी।

हालांकि, बाद में 51 लाख रुपए पर डील फाइनल हुई। डॉक्टर ने घूस की पहली किस्त के रूप में 1 दिसंबर को 20 लाख रुपए दे दिए और विजिलेंस टीम को शिकायत कर दी।

पिछले पांच महीने में घूस लेने के आरोप में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के अफसर की यह तीसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले सीबीआई ने अगस्त में दिल्ली शराब नीति मामले में 5 करोड़ रुपए रिश्वत लेने के आरोप में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर पवन खत्री को गिरफ्तार किया था।

गरमा-गरम

सर्वदलीय बैठक... **4 दिसंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र, सत्ता पक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक**

सदन में जनहित के मुद्दों पर हो चर्चा, सरकार ने विपक्ष से मांगा सहयोग

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विपक्षी दलों से सत्र के सुचारू संचालन के लिए सहयोग की मांग की गई, जबकि विपक्षी दलों ने सरकार से जनहित के मुद्दों पर प्राथमिकता की आधार पर संसद में चर्चा कराने की मांग की।

बैठक के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की नेता मायावती ने देश में जाति आधारित जनगणना करने की मांग की। जबकि कांग्रेस ने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों की सदस्यता समाप्त करने के मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के मुद्दे पर भी संसद में चर्चा हो। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष तथा सत्तारूढ दल में इस बात पर सहमति थी कि शून्य काल हर हाल में चलना चाहिए और जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सदन में अल्पकालिक चर्चा कराई जानी चाहिए। सर्वदलीय बैठक के बाद श्री जोशी ने यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलेगा। सत्र में कुल 15 बैठकें होनी है और इस दौरान 19 विधायक लाई जाएंगे। सत्र शांतिपूर्वक चले और जनता से जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा हो इसलिए सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई गई जिसमें कई दलों के प्रमुख नेताओं ने अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि पार्लियामेंट लाइब्रेरी बिल्डिंग में बैठक हुई जिसमें 23 पार्टियों के 30 नेता शामिल हुए। बैठक के दौरान विपक्षी दलों ने शून्य काल का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि शून्यकाल नियमित रूप से होता रहा है और आगे भी उसी रूप से चलेगा। उनका कहना था कि विपक्षी दलों ने बैठक में शॉर्ट टर्म डिस्कशन की मांग का भी सवाल उठाया जिस पर सरकार ने अनुरोध किया कि रचनात्मक बहस के लिए माहौल बनाए रखा जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। पिछले सत्र में मणिपुर को लेकर चर्चा की बात उठी तो तब भी सरकार चर्चा कराने को तैयार थी और राज्य सभा में तो इस पर चर्चा को स्वीकार भी कर दिया गया था। लोकसभा में हमने कहा था कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। श्री जोशी ने कहा कि संसद में चर्चा नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए होनी चाहिए। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है। सर्वदलीय बैठक में बसपा की तरफ से देश में जातीय जनगणना कराने की मांग की गई और कहा गया कि महंगाई, बेरोजगारी जाति आधारित अत्याचारों को लेकर भी संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को पूरे देश में जातीय जनगणना करनी चाहिए ताकि समाज के दलित पिछड़े और आदिवासियों को न्याय मिल सके। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा का संदर्भ लेते हुए कहा की जनता द्वारा चुने गए किसी भी प्रतिनिधि की सदस्यता को समाप्त नहीं किया जाना चाहिए इसको लेकर भी संसद में चर्चा होनी चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना बैठक में हिस्सा लेंगे अजय भट्ट

नई दिल्ली(वार्ता)। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दो दिन की संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए घाना की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे। यह बैठक पांच और छह दिसम्बर को घाना की राजधानी अकरा में होगी। संयुक्त राष्ट्र का शांति अभियान विभाग और घाना इस बैठक की मेजबानी कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मंत्रिस्तरीय बैठक का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों के सामने आने वाली सुरक्षा तथा संचालन चुनौतियों का समाधान करना और दुनिया भर में तैनात इन मिशनों के लिए समर्थन हासिल करना है। संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न शांति मिशनों में अधिकतम संख्या में सैनिक और उपकरण भेजने में भारत हमेशा सबसे आगे रहा है। बैठक से इतर रक्षा राज्य मंत्री सदस्य देशों के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और परस्पर प्रतिबद्धताओं को अधिक मजबूत बनाने के लिए रक्षा सहयोग के मामलों पर चर्चा करेंगे। वह अकरा में भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

कार की अज्ञात वाहन से हुई टक्कर, 3 बच्चों समेत 4 की मौत

चुरू(ए)। राजस्थान के चुरु से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां चूरू के सरदारशहर में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में 3 बच्चों समेत 4 की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 5 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक कार की अज्ञात वाहन से जबरदस्त टक्कर हुई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई और वाहनों को गुजरने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके बाद घटना की सूचना मिलने का बाद स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहंुची। पुलिस ने स्थिति को अपने नियंत्रण में लिया। अंतिम समाचार मिलने तक पुलिस ने घायलों को अस्पताल में पहुंचाया और टीम आगे मामले की जांच में जुट गई है।

जर्जर सड़क देख भड़कीं पीडब्ल्यूडी मंत्री

नई दिल्ली(ए.)। पूर्वी दिल्ली के मंडावली में सड़क की ख़राब स्थिति को देखकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री आतिशी भड़क गई. उन्होंने पीडब्ल्यूडी के मुख्य सचिव को फटकार लगाई और टाइमलाइन के साथ सड़क को ठीक करने का निर्देश दिया. मंत्री ने सड़क की बदहाली के लिए जिम्मेदारी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं. मंत्री ने कहा कि मंडावली क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी कि सड़कों की ख़राब स्थिति पूरी तरह से अस्वीकार्य है.लोगों को बेहतर सड़कें प्रदान करना और सड़कों का बेहतर ढंग से रखरखाव करना पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी है. इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में मंत्री ने विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि मंडावली क्षेत्र में सड़कों की हालत को सुधारने के लिए एक प्लान तैयार किया जाए. सचिव से कहा है कि 48 घंटे के भीतर प्लान सौंपा जाए. उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की जर्जर हालत के लिए जिम्मेदारी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

वायुसेना का विमान एयरपोर्ट पर पोल से टकराया, हादसा टला

जयपुर(ए.)। राजस्थान के जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टल गया है। वायुसेना का विमान एयरपोर्ट पर पोल से टकराया। जयपुर एयरपोर्ट पर संख्या 39 पर हादसा हुआ। विमान को पार्किंग एप्रन में लगाते समय हादसा हुआ। विमान का एक हिस्सा पोल से टकराया। हालांकि इस दौरान विमान को अधिक नुकसान नहीं हुआ। मामले की जांच जारी है।

बख्शने के मूड में नहीं नेतन्याहू, सीजफायर खत्म होते ही गाजा पर बरसे इजरायली रॉकेट, 175 की मौत

नई दिल्ली(ए.)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास को बख्शने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। इजरायली सेना ने शुक्रवार को सीजफायर समाप्त होने तो ही गाजा पट्टी पर घरों और इमारतों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इसमें कम से कम 178 लोग मारे गए। वहीं, इजरायल का दावा है कि उसने हमास के 200 से ज्यादा ठिकानों को निशान बनाया है। गाजा से चरमपंथियों ने भी इजरायल में फिर से रॉकेट दागे। वहीं, लेबनान से सटी उत्तरी सीमा पर इजरायल और हिजबुल्ला के आतंकवादियों के बीच हमले शुरू हो गए।

युद्धविराम में मध्यस्थता करने वाले देश कतर ने कहा कि सीजफायर को फिर से लागू करने के प्रयास जारी हैं। इजरायल ने गाजा में सैन्य हमले रोक दिए थे और चरमपंथियों की ओर से 100 बंधकों की रिहा करने के बदले में 300 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ा था। इजरायल का कहना है कि 115 पुरुष, 20 महिलाएं और दो बच्चों को हमास ने अभी भी बंधक बनाया हुआ है। हमास का गाजा पर 16 वर्ष से शासन है और माना जा रहा है कि हमास शेष बंधकों खासतौर पर सैनिकों की रिहाई के लिए कड़ी शर्तें रख सकता है। गाजा की अधिकतर आबादी दक्षिणी गाजा चली गई है और अब उनके पास बचने के लिए कोई और स्थान नहीं है। इससे यह प्रश्न उठने लगे हैं कि वहां इजरायल की किसी भी कार्रवाई से आम नागरिकों को हताहत होने से कैसे बचाया जा सकता है। इजरायल ने दक्षिणी गाजा के कुछ हिस्सों में पर्चे गिराए हैं, जिनमें लोगों से खान यूनिस शहर स्थित घरों को छोड़ने के लिए कहा गया है। पर्चों में यह भी कहा गया कि खान यूनिस अब एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है। इस दौरान गाजा पट्टी से आ रही तस्वीरों में क्षेत्र के ऊपर घना काला धुआं दिखाई दे रहा है।

इजरायल ने हमास के टॉप-3 नेताओं को मारने का बनाया प्लान

इजरायल ने फिलिस्तीनीर में चल रहे युद्ध में गाजा पट्टी में आंदोलन के नेता याह्या सिनवार सहित हमास के शीर्ष तीन कमांडरों को खत्म करने की योजना बनाई है। सिनवार के अलावा, हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख मोहम्मद दीफऔर उनके दूसरे-इन-कमांड, मारवान इस्सा, हिट सूची में शीर्ष पर हैं। इजरायली अधिकारियों का इरादा हमास बलों पर निर्णायक सैन्य जीत हासिल करने और गाजा पट्टी पर अधिकार जताने की फिलिस्तीनी आंदोलन की क्षमता को नष्ट करने का है।

फिर से युद्धविराम लागू करने की जताई गई उम्मीद

इजरायल पर उसके मुख्य सहयोगी देश अमेरिका की ओर से इस बात का दबाव है कि जब वह हमास के खिलाफ हमले शुरू करे तो इस बात का ध्यान रखे कि इसमें आम नागरिक नहीं मारे जाएं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। ब्लिंकन ने युद्धविराम की अवधि बढ़ने की उम्मीद जताई थी। साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर इजरायल युद्ध फिर से शुरू करता है और दक्षिणी गाजा में हमास के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उसे यह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के तहत करना होगा। साथ ही उसके पास आम नागरिकों की रक्षा के लिए स्पष्ट योजना होनी चाहिए।

पहली लाइन में मोदी, अपना वाला कहां, सीओपी समिट की तस्वीर देख पाकिस्तानी उड़ाने लगे अपने ही पीएम का मजाक

नई दिल्ली(ए.)। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी 28 समिट) दुबई में चल रहा है। संयुक्त अरब अमीरात इस बार सीओपी समिट की अध्यक्षता कर रहा है। इस समिट में दुनियाभर के देशों के राष्ट्राध्यक्ष पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने भी दुबई में हो रहे इस समिट में हिस्सा लिया है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक भी इस समिट में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान विश्व के नेताओं को तस्वीर सामने आई जिसमें पीएम मोदी सामने खड़े नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही पाकिस्तानियों ने अपने ही पीएम का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। पाकिस्तानी पीएम कहां? पाकिस्तान के सियासी विश्लेषकों में से एक कमर चीमा ने सभी नेताओं की तस्वीर शेयर की। चीमा ने तस्वीर शेयर कर कहा की पीएम मोदी पहली लाइन में दिख रहे हैं, तस्वीर में अपने प्रधानमंत्री को ढूंढने में मेरी मदद कर दें। वहीं एक यूजर ने पाकिस्तानी पीएम को ढूंढने की मशक्कत की। आरजू कामजी नाम की यूजर ने बताया कि पाकिस्तानी पीएम दाहिनी ओर से सबसे पीछे की लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2028 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन या सीओपी33 की मेजबानी भारत में करने का शुक्रवार को प्रस्ताव रखा और लोगों की भागीदारी के माध्यम से 'कार्बन सिंक' बनाने पर केंद्रित 'ग्रीन क्रेडिट' पहल की शुरुआत की। दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर दुनिया के सामने बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है, जो तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपने निर्धारित योगदान या राष्ट्रीय योजनाओं को हासिल करने की राह पर है। सीओपी28 के अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर और संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के अध्यक्ष साइमन स्टिल के साथ आरंभिक पूर्ण सत्र में शामिल होने वाले मोदी एकमात्र नेता थे। प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और अनुकूलन के बीच संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया।

मिजोरम विधानसभा चुनाव में मतों की गिनती सोमवार को

नयी दिल्ली। मिजोरम विधानसभा के लिए हुए चुनाव में मतों की गिनती रविवार तीन दिसम्बर के बजाय सोमवार चार दिसम्बर को होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मिजोरम के कई दलों तथा संगठनों ने राज्य में विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती रविवार तीन दिसम्बर के बजाय चार दिसम्बर को कराने का अनुरोध किया है। आयोग के अनुसार इन संगठनों का कहना है कि तीन दिसम्बर को रविवार है और इस दिन का राज्य के लोगों के लिए विशेष महत्व है इसलिए मतगणना अन्य किसी दिन करायी जानी चाहिए।आयोग ने कहा है कि इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए राज्य में सोमवार यानी चार दिसम्बर को मतगणना कराने का निर्णय लिया गया है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि अन्य चार राज्यों के विधान सभा चुनाव के मतों की गिनती के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इन राज्यों में तीन दिसम्बर यानी रविवार को ही मतगणना होगी। उल्लेखनीय है कि पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ , तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव 30 नवम्बर को संपन्न हुए थे और इन सभी चुनाव के लिए मतों की गणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसम्बर यानी रविवार को होनी थी। अब आयोग ने केवल मिजोरम में मतों की गिनती चार दिसम्बर सोमवार को कराने का निर्णय लिया है।

महंत बालकनाथ ने वसुंधरा और गजेंद्र शेखावत की बढ़ाई मुश्किलें

जयपुर (ए.)। राजस्थान बीजेपी में अलवर सांसद और तिजारा से बीजेपी प्रत्याशी महंत बालकनाथ सीएम के प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे है। सियासी जानकार उनके अचानक हुए उभार से हैरान में है। वहीं सीएम पद की प्रबल दावेदार वसुंधरा राजे, दीया कुमारी और गजेंद्र सिंह शेखावत की मुश्किलें बढ़ गई है। एग्जिट पोल के सर्वे में महंत बालकनाथ सबसे आगे है। वहीं, कांग्रेस नेता सचिन पायलट से भी आगे निकल गए है। महंत बालकनाथ खास क्यों है इसता अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ खुद तिजारा आए थे। इसके बाद भी चुनावी सभाओं को संबोधित किया था। सियासी जानकारों का कहना है कि बीजेपी को बहुमत मिलता है तो बालकनाथ सीएम के प्रबल दावेदार है। हालांकि, बहरोड़ में आयोजित जनसभा में खुद महंत बालकनाथ वसुंधरा राजे के सीएम बनने की बात कह चुके हैं। लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि राजस्थान में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है। चुनाव परिणाम से पहले वसुंधरा राजे आरएसएस कार्यालय पहुंच चुकीं है। जानकारों का कहना है कि बालकनाथ को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से कनेक्शन का फायदा मिल सकता है। राजस्थान में अधिकांश एग्जिट पोल कांग्रेस के पक्ष में नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि बीजेपी को बहुमत मिल सकता है। बीजेपी के सामने बड़ी समस्या मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर है।

दिल्ली का एक्यूआई बेहद खराब , न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री तक गिरा

नई दिल्ली(ए)। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता शनिवार को भी बहुत खराब श्रेणी में बनी रही। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान गिरकर 12.3 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो मौसमी औसत से तीन डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है जबकि हल्का कोहरा रहेगा। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह 10 बजे, आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई, पीएम 2.5 347 पर और पीएम 10 241 पर, खराब श्रेणी में, जबकि सीओ 55 पर पहुंच गया,एनओ2 81 या संतोषजनक पर था। बवाना स्टेशन पर पीएम 2.5 328 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है, जबकि पीएम 10 177, मध्यम श्रेणी में पहुंच गया, जबकि सीओ 76, या संतोषजनक स्तर पर पहुंच गया। द्वारका सेक्टर 8 में एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन ने पीएम 2.5 को 339 पर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया, जबकि पीएम 10 को 183 या मध्यम पर दर्ज किया गया, सीओ 75 पर संतोषजनक स्तर पर था। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा स्टेशन पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में था, पीएम 2.5 318 पर और पीएम 10 159 पर, मध्यम श्रेणी में था, जबकि सीओ 101 पर, मध्यम स्तर पर था। ओखला फेज-2 में पीएम 2.5 396 और पीएम 10 329 दर्ज किया गया, दोनों बहुत खराब श्रेणी में थे, जबकि सीओ 68 पर पहुंच गया, जो मध्यम श्रेणी में था।

लालच देकर धर्मांतरण करा रहे 9 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। गरीबों को लालच देकर धर्मांतरण करा रहे थे आंध्र प्रदेश-तमिलनाडु के लोग, पुलिस ने 9 को किया अरेस्ट उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में गैर कानूनी तरीके से गरीब और आदिवासी लोगों का धर्म परिवर्तन कराने के मामले में 42 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, पुलिस ने इनमें 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोप है कि ये लोग गरीबों के तरह तरह के लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे. गिरफ्तार आरोपियों के पास से धार्मिक किताबें, प्रचार सामग्री और लैपटॉप बरामद हुए हैं। इस मामले के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि जिले के चोपन थाना क्षेत्र के मलहिया टोला निवासी नरसिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोग आदिवासी लोगों और गरीबों को गैर कानूनी तरीके से ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन दे रहे हैं. इसके बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल की. पुलिस ने शिकायत के आधार पर उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम के तहत 42 लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार, अन्य के खिलाफएक्शन जारी।

दूषित खाना खाने से 40 बच्चों को तबीयत बिगड़ी

संगरूर(ए)। संगरूर के नजदीकी सरकारी मेरिटोरियस स्कूल में दूषित भोजन खाने से 40 बच्चे बीमार हो गए है। बीमार बच्चों का इलाज सिविल अस्पताल संगरूर में किया जा रहा है। अस्पताल में उपचाराधीन बच्चों ने स्कूल में मिल रहे भोजन को घटिया होने की बात कही। दरअसल, सरकारी मेरिटोरियस स्कूल में दूषित भोजन खाने से शुक्रवार देर रात 18 बच्चों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जिसमें से 14 बच्चों को प्राथमिकी इलाज कर छुट्टी दे दी गई, जबकि 4 बच्चों की हालत गंभीर होने की वजह से भर्ती कर लिया है। शनिवार सुबह स्कूल से 20 बच्चों को भर्ती करवाया गया। भर्ती बच्चों के मुंह से झाग, पेट में दर्द व उल्टियां होने की शिकायत सामने आई है। अस्पताल में भर्ती बच्चों ने कहा कि उन्हें दीपावली के बाद से ही घटिया सामग्री वाला खाना खिलाया जा रहा है। इस संबंधी प्रबंधकों को शिकायत भी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बच्चों ने कहा कि शुक्रवार रात के भोजन में कीड़े चलते दिखाई दे रहे थे।

मौसम विभाग की चेतावनी! 5 दिसंबर से होगी भारी बारिश, भयंकर तूफान की आशंका

नई दिल्ली (ए)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि बंगाल की दक्षिण-पश्चिमी खाड़ी के ऊपर दबाव का क्षेत्र तेज हो गया है। यह पिछले छह घंटों में 9 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। 1 दिसंबर को रात 11 बजे तक अवसाद के केंद्र की पहचान पुडुचेरी से लगभग 630 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व में की गई थी। आईएमडी की नई चेतावनी के मुताबिक, इस प्रणाली के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते रहने की उम्मीद है। यह अगले 12 घंटों के भीतर एक गहरे दबाव में बदल जाएगा और 3 दिसंबर तक बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान 'माइचौंग' में विकसित हो जाएगा। यह चक्रवात 4 दिसंबर की सुबह तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों के आसपास पहुंच जाएगा। इसके लगभग उत्तर की ओर बढ़ने का अनुमान है। 5 दिसंबर की दोपहर तक नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच भारी बारिश का अनुमान है। चक्रवाती तूफान की अधिकतम गति 80-90 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को 12 जिला प्रशासन प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अगले 2-3 दिनों में तमिलनाडु के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की संभावना पर चर्चा की गई। स्टालिन ने उचित दिशानिर्देश जारी किए और सभी संबंधित अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है।

बारिश का पूर्वानुमान

बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर मंडरा रहे चक्रवाती तूफान के कारण दक्षिणी और पूर्वी भारत के कई क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान में 2 दिसंबर को उत्तरी तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी की गई है। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

मतगणना आज, दोपहर बाद तक नई सरकार को लेकर होने लगेगी स्थिति साफ

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कल तीन दिसंबर को मतगणना के साथ ही न केवल राज्य के लगभग ढाई हजार से ज्यादा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा, बल्कि दोपहर बाद तक राज्य की नई सरकार को लेकर स्थिति भी साफहोने लगेगी। राज्य के सभी 52 जिला मुख्यालयों पर कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी, जिसके बाद पूर्वान्ह से ही प्रत्याशियों के भाग्य से जुड़े रुझान सामने आने लगेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मतगणना के हर राउंड के परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरु होगी, उसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के बाद हर उम्मीदवार को मिले डाक मतों की घोषणा की जाएगी। मतगणना के पूर्व राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने संवाददाताओं को बताया कि ईवीएम के मतों की गणना के लिए चार हजार 369 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए 692 टेबल लगाए गए हैं। पूरी मतगणना की प्रक्रिया का सीसीटीवी कवरेज होगा। स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम मशीनें लाने के लिए विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग रास्ता निर्धारित किया गया है। मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन 3 स्तर पर होगा।

सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को लेकर आया बड़ा अपडेट एएसपीईएक्स उपकरण ने काम करना किया शुरू

चेन्नई(ए)। भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 उपग्रह पर लगे आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) पेलोड ने अपना काम सामान्य रूप से शुरू कर दिया है।इसरो ने शनिवार को एक अपडेट में कहा कि एएसपीईएक्स में दो अत्याधुनिक उपकरण सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर (स्विस) और सुप्राथर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (स्टेप्स) शामिल हैं। स्टेप्स उपकरण गत 10 सितंबर तथा स्विस उपकरण 02 नवंबर को सक्रिय हुआ और इसने इष्टतम प्रदर्शन किया है।स्विस, उल्लेखनीय रूप से 360ए क्षेत्र के साथ दो सेंसर इकाइयों का उपयोग करते हुए सौर पवन आयनों, मुख्य रूप से प्रोटॉन और अल्फा कणों का मापन सफलतापूर्वक किया है।

नवंबर 2023 में दो दिनों में एक सेंसर से प्राप्त नमूना ऊर्जा हिस्टोग्राम प्रोटॉन (एच+) और अल्फा कण (दोगुना आयनित हीलियम, एच 2+) गिनती में भिन्नता दर्शाता है। इन विविधताओं को नाममात्र अनुकलन समय के साथ दर्ज किया गया, जो सौर पवन व्यवहार का एक व्यापक स्नैपशॉट प्रदान करता है।स्विस की दिशात्मक क्षमताएं सौर पवन प्रोटॉन और अल्फा के सटीक मापन को सक्षम बनाती हैं, जो सौर पवन गुणों, अंतर्निहित प्रक्रियाओं और पृथ्वी पर उनके प्रभाव के बारे में लंबे समय से चले आ रहे सवालों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।स्विस द्वारा मापे गए प्रोटॉन और अल्फा कण संख्या अनुपात में परिवर्तन, सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज पॉइंट एल1 पर कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के आगमन के बारे में अप्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करने की क्षमता रखता है और इसे अंतरिक्ष मौसम अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।जैसा कि शोधकर्ता एकत्रित किए गए डेटा की गहराई में जा रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय उत्सुकता के साथ ज्ञानवर्धन होने का इंतजार कर रहा है जो आदित्य-एल1 का एएसपीईएक्स रहस्यमय सौर हवा और हमारे ग्रह के निहितार्थ के बारे में खुलासा करने के लिए तैयार है।

इसरो ने 19 सितंबर 2023 को पृथ्वी की कक्षा से आदित्य एल1 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था और इसके साथ सबसे गर्म ग्रह के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने के लिए हेलो लैग्रेंज-1 एलआई प्वाइंट की चार महीने लंबी यात्रा शुरू हो गई थी।इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष यान के ट्रांस-लैगरेंजन पॉइंट 1 इंसर्शन का कुशलतापूर्वक प्रदर्शन किया, जिसने पृथ्वी से पांच लाख किमी से ज्यादा दूरी पर वैज्ञानिक डेटा एकत्रित करना शुरू कर दिया है।इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ के अनुसार, अंतरिक्ष यान के 07 जनवरी, 2024 को एल1 बिंदु पर पहुंचने की उम्मीद है। यह लगातार पांचवीं बार है जब इसरो ने किसी वस्तु को अंतरिक्ष में किसी अन्य खगोलीय पिंड या अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है।

बीजेपी को घेरने के लिए जिलों में संविधान बचाओ मार्च करेगी जदयू

पटना(ए)। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जदयू लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। हाल ही में पटना में भीम संसद की सफलता के बाद जदयू भाजपा को घेरने के लिए जिलों में संविधान बचाओ मार्च करने जा रही है।

जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया कि मार्च का उद्देश्य केंद्र सरकार की संविधान विरोधी कार्य करने, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग करने तथा इतिहास को मिटाने की कोशिश करने के खिलाफ लोगों को जागरूक करना तथा ऐसे कार्यों का विरोध करना है।

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में डॉ भीम राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर छह दिसंबर को इस मार्च का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है। मार्च में संबंधित जिले के सभी अधिकारी भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर को जदयू ने पटना में भीम संसद का आयोजन किया था, इसमे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शिरकत की थी।

न्यूज गैलरी

मेडिकल स्टोर्स के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव घाट स्थित महामाया मेडिकल स्टोर्स के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी संदीप कुमार 24 वर्ष इंद्रप्रस्थ कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनआर 3783 को महादेव घाट स्थित महामाया मेडिकल स्टोर्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवती के जेब से मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव घाट के मेले में अज्ञात चोर ने युवती के पैंट की जेब से मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया मीनू अग्रवाल 35 वर्ष भवानी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर पुन्नी मेला घुमने के लिए महादेव घाट आई थी, तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के पैंट की जेब में रखे वीवो मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवारी बाजार बीरगांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर उरला पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से प्रार्थी अर्जुन गुप्ता 21 वर्ष निवासी कैलाश नगर ने थाना में शिकायत किया कि कल रात शुक्रवारी बाजार के पास आारोपी सुमित एवं गोलू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी चंद्रशेखर सिंह राजपूत 34 वर्ष निवासी सुभाष चौक ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अर्जुन गुप्ता अपने दो साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर उरला पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खरोरा पुलिस ने वार्ड क्रमांक 8 में सरेआम शराब पीते आरोपी कामदेव साहू 56 वर्ष व गणेश हिरवानी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी पंकज टण्डन 28 वर्ष व राजेश्वर गेंडले 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढियारी पुलिस ने आरोपी पंकज जोशी 26 वर्ष व जयवीर सिंह पुनिया 33 वष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी दिलीप निर्मलकर 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

घर घुसकर अनाचार का प्रयास, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सिमगा थाना क्षेत्र में घर में अकेली एक महिला का बेई÷ात करने की नीयत से हाथ-बांह पकडने व अनाचार का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 29 नवंबर को प्रार्थीया अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान शाम करीबन 05.×0 बजे आरोपी योगेश उर्फ गोलू तिवारी पूर्व में बुरी नीयत से रखता था, जो इसके घर अंदर प्रवेश कर छेड़छाड़ करते हुये बेई'जती करने की नियत से हाथ बांह को पकडकर खिंचते हुये अंदर रूम में ले जाकर गलत काम करने की नीयत से साड़ी खिंचने लगा। तब प्रार्थीया ने आवाज लगाई तो इनका लडका आया, तो योगेश उर्फ गोलू तिवारी को पकडने की कोशिश किया। तो वह अश्लील गालिया देते हुये गली तरफ भाग गया। कि रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी को गुरुवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मतगणना को लेकर कलेक्टरों को जारी किया निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी कलेक्टरों व जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना की सारी तैयारियां पूर्ण करने निर्देशित किया है। उन्होंने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं / मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल मे कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रदाय किये गये ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग

में लायी गई है, प्लास्टिक पेन / पेंसिल ले जाने की अनुमति है। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जायेगा।

आज मतगणना स्थल क्षेत्र की मदिरा दुकानें बंद रहेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 के तहत आगामी 03 दिसंबर को होने जा रहे मतगणना कार्य के मद्देनजर 03 दिसंबर रविवार के दिन संबंधित मतगणना स्थल क्षेत्र की समस्त आबकारी केन्द्रों को संपूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने का निर्देश देते शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत मतगणना स्थल क्षेत्र इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राम सेजबहार के संलंग्न रायपुर नगर निगम वार्डों में स्थित मदिरा केन्द्रो जिनमें कम्पोजिट मदिरा दुकान संतोषी नगर एवं भाठागांव (चगोराभाठा), विदेशी मदिरा दुकान संतोषी नगर और भाठागांव एवं डुमरतराई, देशी मदिरा दुकान डुमरतराई एवं रायल बार एफएल.3 होटल बार पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

शोकाकुल छाया वर्मा के गृहग्राम पहुंचे सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस नेत्री और पूर्व रा'यसभा सांसद छाया वर्मा के निवासी ग्राम किरना (सिलयारी) पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि गुरुवार को श्रीमती छाया वर्मा के पति डॉ. दया वर्मा का निधन हो गया था। उन्होंने अंबडेकर अस्पताल में अंतिम सांसें ली. दिल का दौरा पडने से उनका निधन हुआ है। डॉ. दया वर्मा शासकीय चिकित्सक थे. उनके पति डॉ. दया वर्मा सिलयारी उपस्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय तक पदस्थ रहे। सिलयारी के समीप ही उनका गांव किरना है। छाया वर्मा के पति के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया था. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था कि पूर्व रा'यसभा सांसद, कांग्रेस

नेत्री छाया वर्मा के पति डॉ. दया वर्मा का दिल का दौरा पडने से आकस्मिक निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं परिवारजनों को संबल प्रदान करे. इस दुःख की घड़ी में हम सब उनके साथ हैं।

चक्रवाती तूफान मिचौंग से बदली-बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान मिचौंग से एक बार फिर से छत्तीसगढ़ में मौसम बेईमान हो सकता है। मौसम विभाग की माने तो 4 दिसंबर से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बदली-बारिश की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार यह खतरनाक चक्रवात छत्तीसगढ़ का मौसम बिगाड़ सकता है। ऐसा भी अनुमान लगाया गया है कि इसका बस्तर, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग पर भारी असर दिख सकता है। ज्ञात हो कि इस समय रा'य के अधिकांश इलाकों में धान कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में धान की कटाई का कार्य पूर्ण हो चुका है तो वहीं अधिकांश इलाकों में धान कटाई के बाद मिंजाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। फिर से बदली-बारिश की आशंका से किसानों की चिंता फिर से बढने लगी है। वहीं धान खरीदी केन्द्रों में भी धान को पानी व नमी से बचाने जतन करने कलेक्टरों द्वारा लगातार निर्देश जारी कर रहे हैं।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

कोंडागांव/नवप्रदेश। 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव की मतगणना एवं चुनाव परिणाम जारी होंने । जिसके मद्देनजर कोंडागांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर शनिवार की शाम कोंडागांव पुलिस के द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही आम जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते ,एसडीओपी निमेतेश सिंह, थाना प्रभारी प्रहलाद यादव समेत पुलिस की टीम मौजूद रही।

कोई भी ऑपरेशन आ जाए, वह छग में काम नहीं करने वाला : विकास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के एग्जिट पोल आने के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है. राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है. इस बीच ऑपरेशन लोटस पर रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय ने बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी ऑपरेशन आ जाए, वह काम करने वाला नहीं है. जनता ने जहां मुहर लगा दी है, सरकार उनकी ही बनेगी. कांग्रेस प्रत्याशियों के दिल्ली रवानगी चर्चाओं पर विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इस बात की जानकारी मुझे नहीं है. मगर विपक्षी पार्टी के लोग ऐसी बातें कर सकते है. कांग्रेस पार्टी ने बहुत मेहनत से एक परिवार के रूप में चुनाव लड़ा है. सभी अपने-अपने साथी और कार्यकर्ताओं के साथ है. लगातार सबकी बातचीत हो रही है, सभी को 3 दिसंबर के परिणामों का इंतजार है. 3 दिसंबर को मतगणना होगा. मतगणना से पहले विधायक विकास उपाध्याय राजीव लोचन मंदिर जाकर भगवान के दर्शन करेंगे और कांग्रेस की जीत की कामना करेंगे. बीजेपी के ऑपरेशन लोटस पर विकास उपाध्याय ने कहा कांग्रेस ने 15 साल तक सड़क और सदन की लड़ाई लड़कर सरकार बनाई है. हम लोग लाठियां खाई, खून बहाया और जेल भी गए. चाहे कोई भी ऑपरेशन आ जाए, वह काम करने वाला नहीं है. जनता ने जहां मुहर लगा दी है, सरकार उनकी ही बनेगी।

ओडिशा से धान परिवहन, तीन ट्रक से 58 टन धान जप्त

कोंडागांव/नवप्रदेश। थाना अनंतपुर पुलिस ने धान परिवहन करते तीन ट्रको से 1300 बोरी धान जप्त किया है! पुलिस अधीक्षक बाय अक्षय कुमार के निर्देशन में शनिवार 2 दिसंबर 23 को अनुविभाग अधिकारी निमितेश सिंह के नेतृत्व में शासन द्वारा प्राप्त

निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय धान परिवहन की रोकथाम हेतु थाना क्षेत्र के उड़ीसा बॉर्डर चेक पोस्ट नाका पर चेकिंग के दौरान तीन ट्रको में धान परिवहन पाया गया ! धान परिवहन के सम्बन्ध वैध कागजात पेश नहीं करने पर 102 सीआरपीसी तहत जप्ती कार्यवाही की गई है!

पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। पीसीपीएनडीटी के अंतर्गत राज्य सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन के साथ-साथ पीसीपीएनडीटी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन फार्म-बी में आवेदक का नाम अंकित किए जाने और पीसीपीएनडीटी पोर्टल में 06 माह प्रशिक्षण हेतु अधिसूचित संस्था एवं प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों की सूची प्रदर्शित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक प्रशांत श्रीवास्तव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, पीसीपीएनडीटी की सलाहकार डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. ओमकार खंडेलवाल सहित अन्य संबंधित कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। घर घुस कर बलात्कार किया। उसके बाद उस पर लगातार शारीरिक संबंध बनाने का जोर डालता रहा। आखिर में टंगिया से जान से मार देने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने शुक्रवार 1 दिसंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ के अपराध क्रमांक-485/2023 धारा 350, 376, 506 भादंवि के प्रकरण की पीड़िता ने चौकी तुमड़ीबोड आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई।

10 साल पहले किसानों से ली जमीन, अब नई सरकार गठन के बाद मुआवजे देने की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। बीते दस वर्षों से तीन गांवों के 18 किसान मुआवजा के लिए भटक रहे हैं. उन्हें आचार संहिता के बाद मुआवजा मिलने की उम्मीद है. बता दें कि इस संबंध में एसडीएम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया था। लखना, घरसींवा, पंडरभट्ठा, खैरखूट, सुंगेरा, भूमिया मार्ग चौड़ीकरण के लिए 10 साल पहले ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की गई थी. धरसींवा से सोमनाथ बाईपास रोड डामरीकरण व चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा 18 किसानों की कृषि भूमि पर रोड निर्माण किया गया. कृषकों को जानकारी भी नहीं दी गई, न ही अब तक कोई मुआवजा राशि दी गई. ग्रामीणों के विरोध करने पर उन्हें मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था.

बता दें कि मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी. कोर्ट के आदेश के बाद किसानों का अधिग्रहण प्रकरण 2018 में शुरू हुआ था. विभाग के पास राशि 2022 में आई. मुआवजा वितरण के दौरान किसानों ने नए नियम के मुताबिक 4 गुना मुआवजा मांगा है. जबकि हाईकोर्ट ने दो गुना का आदेश दिया था.

इन किसानों की मुआवजा राशि लंबित

ग्राम पंडरभट्ठा टीकम वर्मा, जीवन राम, इंदर जैन, ग्राम भेरवा के रोमन कुमार, टोपी सिंह वर्मा, होलसाय वर्मा, सुखी वर्मा, हेमराम वर्मा, अवधरा वर्मा, भगवान वर्मा, नरसिंग वर्मा, अनंत निषाद, शिवकुमार वर्मा, दुष्यंत वर्मा, आनंद वर्मा, चंद्रिका, ग्राम खैरखूंट के संतोष कुमार साहू, बुधरा साहू, बेनीराम साहू, भगेला साहू, टिकाराम साहू, हरिराम निषाद, दस निषाद, रामभगत अग्रवाल, किरण देव अभी भी मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं।

10 साल देर होने की यह थी वजह

मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों ने 4 साल पहले कलेक्टर को मांग पत्र दिया तो पता चला मुआवजा प्रकरण संबंधित विभाग तक नहीं पहुंचा है. तत्कालीन पटवारी की लापरवाही से किसानों का मुआवजा प्रकरण बनाकर समय पर नहीं भेजा. किसानों को 10 साल से सिर्फ घुमाया जा रहा है. सड़क निर्माण 25 किमी का पूरा हुए 10 वर्ष बीत गए. पटवारी वर्ष 2018 में मुआवजा प्रकरण तैयार कर भू-अर्जन विभाग भेजा था. इसके बाद भी मामला आगे नहीं बढ़ा.

नकली यूरिया बेचते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम चरोदा स्थित दुकान में टाटा डीईएफ यूरिया का स्टीकर लगाककर नकली यूरिया बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रार्थी राजेश रविदास निवासी धरसींवा ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जलील खान 53 वर्ष राजपूताना होटल के सामने चरोदा में दुकान लगाकर असली टाटा डीईएफ यूरिया के बाल्टी के जगह नकली खुद से स्टीकर एवं सील लगाकर बेच रहा है। जिससे पुलिस ने आरोपी के पास से 20-20 लीटर वाली बाल्टी में एवं 1 लीटर की टैंक जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट की धारा 63 के तहत कार्रवाई की है।

जंगल सफारी में पांच दिनों में 17 चौसिंगा की मौत से हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित जंगल सफारी (नवा रायपुर) में पिछले पांच दिनों के भीतर एक-एक करके 17 चौसिंगा की मौत हो गई। इससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि चौसिंगा के अलावा कई अन्य जानवर भी मरे हैं। हालांकि जंगल सफारी के अधिकारी इससे साफ इन्कार कर रहे हैं। उनका कहना है कि 17 चौसिंगा की मौत वायरल से होने की आशंका है।

जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। बाड़े में कुल 24 चौसिंगा थे। एक-एक करके सभी की तबीयत खराब होते देखकर जंगल सफारी के डाक्टर की छुट्टी रद कर दी गई थी, लेकिन वरिष्ठ अफसर ने इसे नजरअंदाज कर डाक्टर को अवकाश पर दिल्ली जाने की अनुमति दे दी। इसे लेकर भी कई सवाल उठाए जा रहे हैं।

बिसरा और खून के सैंपल भेजे गए बरेली

चौसिंगा की मौत होने के पीछे वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई है। जंगल सफारी के डिप्टी डायरेक्टर हेमंत पहारे ने 25 से 29 नवंबर के बीच 17 चौसिंगा की मौत की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि 25 को पांच, 26 को तीन और 27 नवंबर को पांच, 28 को दो, 29 को दो कुल 17 चौसिंगा की मौत हुई है। पीसीसीएफ को भेजे गए जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि नंदनवन जू, जंगल सफारी के जू क्षेत्र के चौसिंगा बाड़े में 25 नवंबर की सुबह 5.30 बजे चौसिंगा की निगरानी के दौरान पता चला कि इनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

अवकाश रद, फिर भी अफसर से मंजूरी लेकर डाक्टर हो गए रवाना

संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी की ओर से प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सह मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक अटलनगर को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि 26 नंवबर को मेरे नंदनवन जू और जंगल सफारी में निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ अमले से यह बात संज्ञान लाई गई कि अज्ञात बीमारी से हर्बीवोर में तीन चौसिंगा की मौत अचानक हुई। इस बारे में जंगल सफारी के सहायक संचालक वाय के डहरिया, पशु चिकित्सक शल्यज्ञ अधिकारी डा.राकेश वर्मा को त्वरित इलाज और स्थल पर ही उपस्थित रहकर स्थिति पर नियंत्रण करने के लिए निर्देशित किया गया। चूंकि मुझे शासकीय प्रकरण में उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में उपस्थित होना था और आवश्यक निर्देश उपरांत मैं यहां से प्रस्थान कर रहा था।

डा.राकेश वर्मा ने फोन पर मुझे 23 नंवबर को वाटसएप के माध्यम से अवकाश आवेदन भेजा था, जिस पर परिस्थितिजन्य संवेदनशील कारणों से निरस्त करते हुए अवकाश भ्रमण पर न जाने फोन पर ही निर्देशित किया। इस पर डा. वर्मा ने 25 नंवबर को सीधे प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) से अवकाश स्वीकृत करने का स्क्रीन शाट मुझे फोन पर भेजा।

रिपोर्ट का इंतजार

वन अधिकारियों ने बताया कि मृत चौसिंगा के बिसरा, खून के सैंपल एकत्र कर इसकी जांच करने आइवीआरआइ, बरेली (उप्र)भेजा जा चुका है। तात्कालिक जांच के लिए सैंपल को कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा (दुर्ग) भी भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही साफ हो पाएगा कि चौसिंगा की मौत किस बीमारी से हुई है।

मतगणना का किया पूर्वाभ्यास

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया तथा 72-कवर्धा की मतगणना की तैयारी कृषि उपज मण्डी परिसर में पूरी हो गई है। आज विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया के मतगणना प्रेक्षक हरी कुमार केशरी और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा की मतगणना प्रेक्षक सुश्री रमीसेट्टी श्रीलता तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के उपस्थिति में पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास में गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वर ने मतगणना कार्यों की बैठक व्यवस्था से लेकर सभी कार्यों का अभ्यास किया।

चीन में फैल रही रहस्यमयी बीमारी क्या भारत के लिए हो सकती है खतरनाक? जानें इससे जुड़ी सभी जरूरी बातें

कोरोना महामारी के बाद एक नई बीमारी का खतरा फिर से सताने लगा है. चीन में एक रहस्यमयी बीमारी सामने आई है जिसके कारण अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. चीन में फैल रही इस बीमारी ने एक बार फिर सभी देशों की चिंता बढ़ा दी है। आइए जानते हैं इस रहस्यमयी बीमारी के बारे में विस्तार से.......

कोरोना महामारी ने जहां पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया, वहीं एकबार फिर से एक नई बीमारी के आने की आशंका जताई जा रही है. इस बार भी इस नई बीमारी की शुरुआत चीन से ही हुई है. चीन के उत्तर पूर्वी इलाके में स्थित लियाओनिंग प्रांत के बच्चों में इस रहस्यमयी बीमारी निमोनिया के लक्षण जैसे फेफड़ों में सूजन, सांस लेने में दिक्कत के साथ ही खांसी और तेज बुखार दिखाई दे रहे हैं। बीमारी का प्रकोप इतना ज्यादा है कि सरकार ने यहां स्कूल बंद करने की तैयारी कर ली है. इस बीमारी के लक्षण निमोनिया से मिलते-जुलते हैं लेकिन इसके कुछ लक्षण निमोनिया से बिल्कुल अलग हैं. डब्ल्यूएचओ ने भी इस बीमारी को लेकर चेतावनी जारी की है।

क्या है ये वायरस

निमोनिया आपके फेफड़ों में बैक्टीरिया, वायरस या कवक के कारण होने वाला एक संक्रमण है। निमोनिया के कारण आपके फेफड़े के ऊतकों में सूजन हो जाती है और आपके फेफड़ों में तरल पदार्थ या मवाद पैदा हो सकता है. इस संक्रमण का सामना बच्चों और बूढ़े लोगों को ज्यादा करना पड़ता है और इससे जान जाने का खतरा भी बना रहता है। निमोनिया के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर हो सकते हैं। 2022 में आई डब्ल्यूएचआ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एशियाई और अफ्रीकी देशों में इस संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या काफी ज्यादा है।

क्या हैं निमोनिया के लक्षण?

इस संक्रमण के लक्षणों का बात की जाए तो इसमें शामिल हैं-
छाती में दर्द
खांसी आना
थकान और बुखार
यह गंभीर संक्रमण पीड़ित के फेफड़ों पर अटैक करता है. यह इतना खतरनाक है कि निमोनिया के शिकार बच्चों को तुरंत ही अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है।

चीन में फैली ये बीमारी निमोनिया से क्यों है अलग

अगर निमोनिया के सामान्य लक्षणों की बात करें तो इसमें बलगम और बिना बलगम के साथ होने वाली खांसी, बुखार, ठंड लगना और सांस लेने में दिक्कत होना है. लेकिन अगर चीन में फैले इस रहस्यमयी निमोनिया की बात करें तो इसके लक्षणों में बिना खांसी के तेज बुखार और फेफड़ों में सूजन शामिल हैं. एंटीबायोटिक्स, एंटीवायरल और एंटीफंगल दवाओं की मदद से निमोनिया का इलाज किया जा सकता है. इस संक्रमण से ठीक होने लिए व्यक्ति को कुछ हफ्तों से लेकर एक महीने का भी समय लग सकता है.

क्या कहना का डब्ल्यूएचओ का

डब्ल्यूएचओ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इस बीमारी के बारे में चीन ने 13 नवंबर 2023 को स्थानी मीडिया को बताया था. स्वास्थ्य एजेंसी ने चीन से इस बीमारी से जुड़े मामलों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भी कहा है. साथ ही, डब्ल्यूएचओ मे इस बीमारी के बारे में चीन से और अधिक जानकारी देने के लिए भी कहा है.

क्या है डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइंस

चीन में फैल रहे इस खतरनाक निमोनिया वायरस को लेकर डब्ल्यूएचओ ने कुछ गाइडलाइन जारी की हैं. इस गाइडलाइंस में लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है. साथ ही, लोगों से यह भी कहा गया है कि वह साफ-सफाई का खास ध्यान रखें और शरीर में कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें. इसके अलावा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और मास्क का इस्तेमाल करें.

खतरनाक निमोनिया वायरस का भारत पर असर

यूनियन हेल्थ मिनिस्ट्री का कहना है कि भारत में इस वायरस के फैलने का खतरा काफी कम है. इसके बावजूद मंत्रालय इस स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है. मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, 'चीन से रिपोर्ट किए गए एवियन इन्फ्लूएंजा मामले के साथ-साथ सांस संबंधी बीमारी के समूहों से भारत को कम जोखिम है.' इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत चीन में फैले इस खतरनाक वायरस से उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार है.

पेरेंट्स रखें इन बातों का ध्यान

इस खतरनाक निमोनिया वायरस से बच्चों को बचाने के लिए जरूरी है कि माता-पिता बच्चों के खान पान और इम्यूनिटी का खास ख्याल रखें. बच्चों की डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना भी काफी जरूरी है कि जिससे उनका इम्यून सिस्टम मजबूत हो और वह इस खतरनाक संक्रमण से लड़ सके. इसके अलावा जरूरी है कि घर में साफ-सफाई रखें और बच्चों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से रोकें. जब आपका बच्चा खांसता या छींकता है, तो उसे अपनी नाक और मुंह ढंकना सिखाएं. आपके बच्चे को भी बार-बार हाथ धोना चाहिए. ये उपाय अन्य संक्रमणों को रोकने में भी मदद कर सकते हैं।

क्यों अक्सर एशियाई या अफ्रीकी देशों से फैलते रहे हैं खतरनाक वायरस

ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन का मानना है कि अधिकतर महामारियां या बीमारियां एशियाई और अफ्रीकी देशों में ही पैदा होती है जिसके बाद यह पूरी दुनिया में फैलती है. इसका एक मुख्य कारण यहां की आबादी है. जिस भी जगह पर आबादी ज्यादा होती है वहां के लोग, जानवरों के सीधे संपर्क में आने लगते हैं. पशुओं और जानवरों में कई तरह के वायरस होते हैं. जब इंसान इन पशुओं और जानवरों के संपर्क में आते हैं तो यह वायरस इंसानों में भी तेजी से फैलने लगते हैं.

इस तरह के मामले चीन से ही क्यों सामने आते हैं

अगर यह कहा जाए कि किसी भी नई बीमारी या महामारी की शुरुआत चीन से होती है तो यह कहना जरा भी गलत नहीं होगा. कोरोना महामारी इसका जीता-जागता उदाहरण है. चीन को लेकर बीते कुछ सालों में जो रिपोर्ट्स आई हैं उनके मुताबिक, चीन के बाजारों में कच्चा या अधपका मांस भारी मात्रा में बेचा जाता है जिसमें सांप और चमगादड़ भी मिलते हैं। इसके अलावा बता दें कि सिर्फ चीन ही नहीं, कई एशियाई देशों जैसे थाइलैंड और इंडोनेशिया में भी जिंदा जानवरों को बेचा जाता है. ऐसी जगहों पर जानवरों को एक साथ रखा जाता है जिससे कोई भी वायरस आसानी से दूसरे जानवरों और इंसानों में फैल जाता है।

सर्दियों में आलस की वजह से नहीं करता बिस्तर छोड़ने का मन? तो इन चीजों को डाइट में करें शामिल

सर्दियों में दिन काफी छोटे हो जाते हैं और सूरज की रोशनी भी काफी कम हो जाती है जिस कारण हमारे शरीर का सर्केडियन रिदम बिगड़ जाता है. बॉडी का सर्केडियन रिदम बिगड़ने से आप सुस्त महसूस करते हैं और आपके एनर्जी का लेवल भी काफी लो रहता है. इसी के साथ सूरज की रोशनी कम पड़ने से हमारे शरीर में विटामिन डी का लेवल कम होने लगता है. शरीर में विटामिन डी का लेवल कम होने से थकान और मूड खराब होने जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सर्दियों के मौसम में कुछ लोगों को सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर नाम की समस्या का भी सामना करना पड़ता है. यह समस्या होने पर लोगों का एनर्जी लेवल और मोटिवेशन काफी कम हो जाता है. साथ ही, ठंडे मौसम में लोगों को काफी ज्यादा आलस आता है जिससे वह बाहर जाने या चलने-फिरने की बजाय घर में ही रहना पसंद करते हैं। हालांकि इस मौसम में एक हेल्दी डाइट लेकर आप इन सभी समस्याओं से बच सकते हैं. इस मौसम में कुछ चीजों का सेवन करने से आपका एनर्जी का लेवल बूस्ट होता है और मूड भी ठीक रहता है. साथ ही, इन चीजों में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। तो अगर आपको भी ठंड के मौसम में थकान, सुस्ती और आलस का सामना करना पड़ता है तो इन सूपरफूड्स को जरूर अपनी डाइट में शामिल करें।

ब्लूबेरीज- एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन से भरपूर, ब्लूबेरी ब्लड फ्लो में सुधार करती है और दिमाग की फंक्शनिंग को बढ़ाती है, जिससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है।

पालक - आयरन से भरपूर, पालक पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है और मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है, थकान से राहत देता है।

किनोआ- इसमें प्रोटीन की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है जिससे आप पूरा दिन ऊर्जावान रहते हैं और आपको आलस और सुस्ती का सामना नहीं करना पड़ता।

चिया सीड्स- ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर, चिया सीड्स आपको अंदर से मजबूत बनाते हैं और शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन रखने में मदद करते हैं ताकि आपकी एनर्जी का लेवल लो ना हो।

सैल्मन मछली- ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन डी से भरपूर, सैल्मन दिमाग के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाता है, नींद को कंट्रोल करता है.

ग्रीक योगर्ट- प्रोटीन से भरपूर, ग्रीक दही ब्लड शुगर के लेवल को स्थिर करता है, पाचन को बढ़ावा देता है और शरीर को एनर्जी देता है।

शकरकंद- इसमें फाइबर और कार्बोहाइड्रेट की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है. इसे खाने से शरीर में मौजूद एनर्जी एक साथ रिलीज होने की बजाय धीरे धीरे रिलीज होती है. इससे आपका पेट भरा रहता है और आलस दूर होता है।



बादाम- बादाम मैग्नीशियम और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं। इसे खाने से शरीर में एनर्जी का लेवल बना रहता है और थकान दूर होती है।

सर्दियों में त्वचा के लिए बेस्ट कोल्ड क्रीम

आजकल बाजार में हर मौसम के अनुकूल क्रीम उपलब्ध हैं। सर्दियों के लिए बेहतरीन कोल्ड क्रीम में से एक निविया सॉफ्ट लाइट मॉइस्चराइजिंग क्रीम। यह काफी प्रचलित स्किन केयर ब्रांड है, जिसका एक प्रोडक्ट निविया सॉफ्ट लाइट मॉइस्चराइजिंग क्रीम भी है। निविया का दावा है कि यह सर्दियों में बेस्ट कोल्ड क्रीम का काम करती है। यह क्रीम जोजोबा ऑयल और विटामिन-ई से समृद्ध होती है, जो त्वचा में तेजी से अवशोषित होकर मॉइस्चराइज करने में मदद कर सकती है। इससे त्वचा तरोताजा और निखारी हुई नजर आ सकती है।

मुस्कान की फसल उगाएँ

रोशन साहू

जिनको पता वही बताएँ,हम क्या खोयें क्या पाएँ।
लीक लकीरों पर चल हारे,अब राह न कोई भटकाएँ।।
चरण चिन्ह देख चलें हैं,अमिट रेख क्या गलत सही है।
तय भी तो है वापस जाना,अब गफलत पल न गवाएँ।।
हवा मुट्ठियों में आएँ न मतलब की रेखा खींच जाएँ।
कुछ रिश्ते बिन अनुबंधन,पल साथ-साथ चल पाएँ।।
जानी-पहिचानी बस नही है,इतनी तेरी दुनियादारी।
नाम पट्टिका मतलब से हैं,बेमतलब परिचय बनाएँ।।
हाथ सदा मोतियाँ रीतीं,यूँ चलो अनुभव पूंजी लुटाएँ।
तन से धन से कर न सकें,मन संबल हम बन पाएँ।।
तस्वीरों में न साथ सही,तकलीफों में जो साथ खड़े।
समझौतों का दर्द न पालें,मुस्कान की फसल उगाएँ।।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1469 इटली के विख्यात राजनेता और इतिहासकार निकोलो मैक्यावेले का फ्लोरेन्स नगर में जन्म हुआ। 1730 कोले सिब्बर को जॉर्ज द्वितीय के तहत ब्रिटिश कवि पुरस्कार विजेता नियुक्त किया गया। 1792 जॉर्ज वॉशिंगटन संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए। 1818 इलिनोइस को 21 वें अमेरिकी राज्य के रूप में स्वीकार किया गया। 1828 एंड्रयू जैक्सन अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति चुने गए। 1751 भारत में आर्नी की लड़ाई (दूसरा कर्नाटक युद्ध): रॉबर्ट क्लाईव के तहत एक ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की अगुवाई वाली सेना अर्चना पर राणा साहिब की कमान के तहत एक बहुत बड़ी फ्रैंको-भारतीय सेना को हरा देती है। 1829 वायसराय लॉर्ड विलियम बैंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी। 1829 वायसराय लार्ड विलियम बेंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी। 1884 भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद का जन्म बिहार के जीरादेई में हुआ। 1971 भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद देश में आपातकाल लागू हुआ। 1967 इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो नजरबंद किये गए।

QUIZ TIME

1) माउस के कर्सर की गति को घटाने एवं बढ़ाने के लिए कौन-सा ऑप्शन का प्रयोग किया जाता है?

2) केंद्र शासित प्रदेश अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर किस द्वीप पर स्थित है?

3) जलियांवाला बाग हत्याकांड में जनरल डायर का सहयोग करने वाले भारतीय कौन थे?

4) भारतीय संविधान के 21वां संशोधन के आठवीं अनुसूची में किस भाषा को जोड़ा गया?

5) संस्कृति मंत्रालय ने किसे 2021 के गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कर्सर स्पीड (2) दक्षिण अंडमान (3) हंसराज (4) सिंधी (5) गीता प्रेस, गोरखपुर

आज का पंचांग

वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

सूर्योदय : 07:03, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय : 21:43, चन्द्रास्त : 11:15

अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : आश्लेषा, योग : इन्द्र

प्रथम करण : तैतिल (17:14 तक), द्वितीय करण : गर (30:17 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : कर्क, मंगल :

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:45 से 12:27, अमृत काल : 11:54 से 13:39, रवियोग : 18:54 से 30:56,विजय मुहूर्त : 13:50 से 14:31, गोधूलि मुहूर्त : 17:14 से 17:41, सायाह्न सन्ध्या : 17:16 से 18:38, निशिता मुहूर्त : 23:39 से 24:34, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:24 से 14:41, दुर्मुहूर्त : 06:56 से 07:37, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप परिस्थितियों से हार मान लेंगे मानसिक अशांति अधिक रहेगी। समझौते वाली प्रवृति भी आज काम् नहीं आने वाली।

वृषः आज आप दिन भर कार्य क्षेत्र पर व्यस्त रहेंगे व्यवसाय सम्बंधित वादे पूरे करने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ेगा इसका उचित फल भी धन लाभ के रूप में यथा शीघ्र मिल जाएगा।

मिथुनः आज के दिन आपको अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें।

कर्कः आज के दिन आपको पारिवारिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकेगा किसी वरिष्ठ व्यक्ति का इसमें महत्त्वपूर्ण सहयोग रहेगा पूजा-पाठ के आयोजन की रूप रेखा भी बनेगी।

सिंहः आज के दिन फिर से व्यावसायिक उलझने बढ़ने के कारण नई परेशानी खड़ी होगी।घर का वातावरण भी अस्त-व्यस्त रहेगा कोई भी आपकी बात को महत्त्व नहीं देगा।

कन्याः आज के दिन आप सामाजिक गतिविधियो में अधिक सक्रिय रहेंगे। समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ संपर्क बढ़ेंगे सम्मान में वृद्धि होगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए आशा से अधिक फायदेमंद रहेगा। घर एवं बाहर आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होंगी।

वृश्चिकः आज आप किसी धार्मिक क्षेत्र से जुड़ेंगे जिससे आध्यात्मिक उन्नति होगी मन शांत रहेगा।

धनुः आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से कम आंकेंगे जिससे मन हीन भावना से ग्रस्त रहेगा।

मकरः आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी।

कुंभः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा के चलते अधिक मशक्कत करना पड़ेगा।

मीनः आज के दिन आपको मिला जुला फल मिलेगा। एक पल में खुशी के समाचार मिलने से आनंदित हो उठेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -261

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रखवाला, रखदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 260 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

■ न्यूज गैलरी

अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा कमल खिलेगा : डॉ. रमन

रायपुर/नवप्रदेश। मतगणना के ठीक एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों के साथ एक ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि, 'अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा'... पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि, 'कल पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की बयार बहने वाली है। कल सूरज की पहली किरण के साथ ही छत्तीसगढ़ में भाजपा का कमल खिलने लगेगा। आप सभी तैयारी कर लीजिए, क्योंकि अब अन्याय का अंत बस कुछ ही घंटों की दूरी पर है।'

कांग्रेसियों को पता है उनकी सरकार नहीं बन रही : कौशिक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मतगणना से पहले कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग लगातार जारी है। वैसे तो कल तय हो जाएगा कि, छत्तीसगढ़ में कमल या पंजा...दोनों में से कौन आने वाला है। लेकिन इससे पहले भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस डरी हुई है, हताशा और निराशा में है। कांग्रेस को भी पता है कि, छत्तीसगढ़ से उनकी सरकार जा रही है। कांग्रेस विधायकों को अन्यत्र शिफ्ट करने की तैयारियों को लेकर श्री कौशिक ने कहा कि, कांग्रेस विधायकों को कहीं शिफ्ट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि यहां बीजेपर स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

सभी भाजपाई एकजुट : बीजेपी विधायकों की खरीद फरोख्त पर कहा कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा के सभी विधायक एकजुट हैं, जो विधायक पार्टी छोड़कर गए उनकी क्या हालत हुई है इसे सब जानते हैं। हमारे विधायक सर्टिफिकेट लेकर रायपुर आएंगे। वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में आगे की रणनीति तय होगी।

आने वाले 10 साल तक प्रदेश में भाजपा का कमल नहीं खिलेगा : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। मतगणना की पूर्व संध्या पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भरोसा बरकरार फिर कांग्रेस की सरकार बनने जा रही हैं। आने वाले 10 साल तक प्रदेश में भाजपा का कमल नहीं खिलेगा। 2023 में छत्तीसगढ़ प्रदेश और 2024 में देश में कांग्रेस की बड़ी जीत होगी। केंद्र से भाजपा की विदाई करने जनता तैयार है। मतदान के पश्चात मिले जनता के रुझान, एग्जिट पोल के रिपोर्ट और कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक से स्पष्ट हो गया है कि जनता ने कांग्रेस सरकार के कामों पर भरोसा किया है कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 5 सालों के कामों के आधार पर जनता से वोट मांगा। हम पूरे चुनाव को सकारात्मक तरीके से लड़े। हमारा प्रयास था कि हम अपने कामों के आधार पर जनता से वोट मांगे। हमारी सरकार ने पिछले पांच सालों में जो काम किया था हमारे वोट मांगने का वही बड़ा आधार था। हमारी सरकार ने किसान, मजदूर, युवाओं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति को सशक्त बनाने के लिये ठोस योजनायें बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन किया। ऋण माफी, धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मजदूर न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल, खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना ने छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली। हमने 5 सालों में बेरोजगारी, गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी जिससे प्रदेश की 40 लाख आबादी गरीबी रेखा से ऊपर आ गयी।

अयोध्या का अक्षत कलश बेमेतरा पहुंचा

बेमेतरा/नवप्रदेश। अयोध्या धाम से पहुँचे अक्षत कलश का श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड के पास भव्य स्वागत किया गया। सभी ने कलश का आरती उतारकर नमन किया। स्वागत पश्चात श्री राम मंदिर तक राम धुनि के साथ पूजा पाठ भजन कीर्तन कर ले जाया गया। जिसमें शामिल होकर दीपेश साहू, राजेंद्र शर्मा, विजय सिन्हा, नीतू कोठारी, मोंटी साहू, रोशन दत्ता आदि मन्दिर तक रैली में उपस्थित रहें। नीतू कोठारी ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम विराजमान होंगे, जिसका निमंत्रण आज बेमेतरा नगर पहुँचा।

वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पदेन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला चिकित्सालय बेमेतरा के संयोजन से वृद्धाश्रम बेमेतरा में वरिष्ठजन हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा के चिकित्सक द्वारा आवश्यक मेडिकल सामाग्री सहित वृद्धाश्रम बेमेतरा में उपस्थित वरिष्ठनों का ब्लड प्रेशर, शुगर, मौसमी सर्दी-खांसी व अन्य शारीरिक परीक्षण कर दवाईया वितरण कर वरिष्ठजनों को नियमित स्वास्थ्य जांच का फायदा बताते हुये उन्हे अपना स्वास्थ्य जांच कराने के लिये प्रेरित किया। स्वास्थ्य जांच शिविर के अवसर पर श्रीमती नेहा वर्मा नर्स जिला चिकित्सालय बेमेतरा, सुश्री गीता दास, अधिवक्ता एलएडीसीएस, पैरालीगल वालिंटियर्स चेतन साहू, मनीष साहू, देवेन्द्र यादव, चंद्रकिशोर सिंह, सुश्री सोनिया सिंह एवं वृद्धाश्रम की केयरटेकर तुलसा निराला उपस्थित रहें।

बेलरगांव में हो रहा पाइल्स का नि:शुल्क इलाज

नगरी/नवप्रदेश। बेलर गांव के साहू सदन सामाजिक भवन में बवासीर पाईल्स एवं अंडकोष हाइड्रोसील का विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क इलाज किया जा रहा है जिसमें बेलरगांव, नगरी, सिहावा, मैनपुर, गरियाबंद के अलावा धमतरी, बालोद सहित दूर-दूर से मरीज इलाज करवाने पहुंच रहे हैं। जानकारों ने चर्चा में बताया कि इलाज करने वाले विशेषज्ञ मरीजों से 1 रूपये भी नहीं लेते इसी लिए मरीजों की जनसंख्या इलाज करवाने बढ़ रहे हैं विशेषज्ञ अपने मरीज को ऐसा क्या दवाई देते हैं पता नहीं पूछने पर कुछ लोगों ने चर्चा में बताया कि खाने के लिए निरंजन फल व लगाने के लिए खुद का बनाया हुआ मलहम देते हैं। अधिक मरीजों का इलाज कर चुके हैं आगे चर्चा में बताया गया की तोरण मिलाप नाम के बवासीर विशेषज्ञ कांकेर निवासी है उन्होंने छत्तीसगढ़ के रायपुर ,दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, मुंगेली, बिलासपुर, बीजापुर, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा ,सुकमा, बस्तर ,कोंटा सहित 17 जिलों में बवासीर पाईल्स व हाइड्रोसील का निशुल्क इलाज कर चुके हैं इसके अलावा नागपुर भंडारा व उड़ीसा के भी 2000 से ज्यादा मरीजो का इलाज निशुल्क कर चुके हैं।

भोरमदेव अभ्यारण्य में दिखा बाघ ट्रैप कैमरे में कैद हुई तस्वीर

मप्र और छत्तीसगढ़ के वन विभाग की टीम रख रही नजर

कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण्य का एक बड़ा हिस्सा एमपी से लगा हुआ है। कान्हा, अचानकमार, टाइगर कॉरिडोर के हिस्से में आता है। कान्हा में बाघ मौजूदग है। स्पिल ओवर पापुलेशन के कारण से ये बाघ भी बॉर्डर के क्षेत्र में प्रवेश कर लेते हैं। ऐसे में इन बाघों की वन विभाग द्वारा विशेष निगरानी की जा रही हैं।
-चूड़ामणि सिंह, डीएफओ, कबीरधाम

कबीरधाम (नवप्रदेश)। कुछ सप्ताह पहले कबीरधाम जिले के पंडरिया में हाथियों के दल को देखा गया था। इसके बाद यह हाथी के दल मुंगेली क्षेत्र की ओर अपना रुख कर लिया था। अब मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा में इस बार जंगल के राजा का शाही अंदाज देखने को मिला है। जो भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में लगाए गए ट्रैप कैमरे में कैद हो चुके हैं। अब इस बाघ की सुरक्षा को लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ वन विभाग सजग होकर अपनी नजरें जमाए हुए हैं।

बाघ की सुरक्षा को लेकर दोनों ही प्रदेश के वन विभाग सक्रिय हैं। बाघ के हर मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। वन विभाग की टीम सुरक्षा को लेकर मुस्तैद हैं। विभिन्न जगहों पर लगे ट्रैप कैमरे से प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। बाघ की मौजूदगी के लगातार प्रमाण मिल रहे हैं। जंगल में हिंसक वन्य प्राणी द्वारा मवेशी के शिकार किए जाने के बाद वन विभाग ने ट्रैप कैमरा लगाया था। जिसमें बाघ की तस्वीर कैद हुई है। जिले का भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र की सीमा कान्हा टाईगर रिजर्व से लगा हुआ है। जहां बाघ मौजूद हैं। ट्रैप कैमरे में बाघ की तस्वीर कैद हुई है। उसके मूवमेंट के स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाकर निगरानी की जा रही है। इस संबंध में गांव के लोगों को हिदायत भी दी जा रही है। मवेशी चराने जंगल में प्रवेश न करें। भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में डंड के मौसम ही आते हैं। कुछ समय के बाद पुनः अपना रुख कान्हा की ओर कर लेते हैं।

जंगलों से लगे गांव में रहने वाले बैगा आदिवासी लोग सतर्क हैं। बाघ की मौजदूगी की खबर मिलते ही वनवासियों की दिनचर्या बदल गई है। दिन ढलने के पहले ही मवेशियों को चराकर वापस लौट रहे हैं। बाघ की सुरक्षा को लेकर जिले के वन विभाग अलर्ट मोड पर हैं। वन विभाग ने अभी भी बाघ के लोकेशन की जानकारी नहीं दी है। इतनी ही जानकारी दी गई है कि जिले के जंगल में बाघ मौजूद है। बाघ एक जगह सीमित नहीं रहता है। लगातार स्थान बदलते रहते हैं। इसी कारण अनेक ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

352 वर्ग किमी में फैला है अभ्यारण्य

भोरमदेव अभ्यारण्य 352 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। यह क्षेत्र बाघों के लिए सर्वथा अनुकूल है। अभ्यारण्य कोर और बफर जोन में बंटा हुआ है। 192 वर्ग किलोमीटर में बफर जोन है जबकि 160 वर्ग किमी में कोर जोन। वन्य प्राणियों का शिकार रोकने के लिए वन विभाग ने अभ्यारण्य में सीसीटीवी और ट्रैप कैमरे लगाए हैं।

गांजे के साथ एक गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। गाँजा की बिक्री करने वाले आरोपी को थाना पिपरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपी के पास से 2 किलो गांजा कीमती 20,000/ रू. व नगदी रकम 10,500/ रू. कुल जुमला कीमती 30,500/ रुपए को पुलिस ने किया जप्त। आरोपी के विरुद्ध थाने में अपराध क्रमांक 451/2023 धारा-20 (ख) एनडीपीएस के तहत की गई कार्यवाही।इस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक सुदर्शन सिंह ध्रुव के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम तैयार कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखवीर से सूचना मिला कि ग्राम झिरना नर्मदा चरडोंगरी रोड में एक व्यक्ति द्वारा अवैध मादक पदार्थ गाँजा का बिक्री कर रहा है। कि सूचना पर तस्दीक पर उपनिरी 0 रजनीकांत दीवान को हमराह स्टाप के साथ मुखवीर के बताए स्थान पर रवाना किया गया।

जहां आरोपी नंदकुमार वैष्णों पिता गोविंद वैष्णों उम्र 62 साल साकिन ग्राम झिरना नर्मदा चरडोंगरी रोड थाना पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गाँजा, इलेक्ट्रानिक तौलक एवं पालीथीन खाली कागज पुडिया व गाँजा बिक्री की नगदी रकम को गवाहों के समक्ष जप्त कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए बरामद गाँजा का तौल करने पर उक्त बरामद गाँजा 02 किलो, किमती करीब 20,000 रू. व नगदी रकम 10500/ रू. कुल जुमला कीमती 30500/ रूपये को जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक सुदर्शन सिंह ध्रुव के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से उनि रजनीकांत दीवान , जयराम यादव आर 0 हेमंत शर्मा , नारायण पटेल , तोरन कश्यप , श्यामनारायण जांगडे , मनोज टण्डन , दिनेश चन्द्रवंशी म0 आर0 सीता चन्द्रवंशी, चालक आर0 628 हितेश टंडन का सराहनीय योगदान रहा है।

उज्जवला योजना का कनेक्शन पाने रायपुर में 1 लाख आवेदन डंप

रायपुर/नवप्रदेश। उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन पाने के लिए रायपुर के की गैस एजेंसियों के पास एक लाख से अधिक आवेदन पिछले कई महीनों से डंप पड़े हुए हैं। इनमें ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन आवेदन भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत देशभर में 75 लाख नए रसोई गैस कनेक्शन देने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद महिलाओं की उम्मीद भी जागी थी, जो एजेंसियों के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो चुकी हैं, क्योंकि एजेंसियों को कंपनियों की ओर से नए कनेक्शन देने का अब तक आदेश ही जारी नहीं किया गया है। इस कारण नए कनेक्शन भी नहीं दिए जा रहे हैं।

तीन महीने बाद भी नया कनेक्शन नहीं

रायपुर जिले में उज्ज्वला योजना के तहत नए गैस कनेक्शन के लिए कई महीने पहले महिलाओं ने आवेदन किया था। इस आवेदन के बाद भी महिलाओं को नया कनेक्शन नहीं मिल पाया था। एजेंसियों का कहना था कि इस योजना के तहत नए कनेक्शन देने का जो टार्गेट दिया गया था. उसके अनुसार कनेक्शन दिए गए हैं। नए कनेक्शन के लिए अभी आदेश नहीं आया है। इस बीच महिलाओं ने नए कनेक्शन मिलने की उम्मीद ही खो दी थी।

लेकिन सितंबर माह में केंद्र सरकार ने देशभर में 75 लाख नए कनेक्शन देने की घोषणा की है। यह कनेक्शन वर्ष 2026 तक वितरित किए जाने हैं। इस घोषणा के बाद महिलाओं की दोबारा उम्मीद भी जागी थी कि इस बार उन्हें कनेक्शन मिल जाएगा, लेकिन तीन महीने बीत चुके हैं, अब तक एजेंसियों में नए कनेक्शन बांटने शुरू नहीं किए हैं। इससे महिलाओं की आस फिर टूटने लगी है।

5 लाख कनेक्शन की डिमांड

जिले में ज्यादा से ज्यादा बीपीएल धारी महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए राजनीतिक दलों के लोग भी रुचि दिखा चुके हैं। एक पूर्व विधायक तो खाद्य विभाग को जिले के लिए 5 लाख ठगैस कनेक्शन की मांग तक कर चुके हैं।

50 हजार कनेक्शन का प्रस्ताव

जिलेभर से एक लाख से अधिक गैस कनेक्शन के आवेदन एजेंसियों में डंप हैं। इन आवेदनों की तुलना में जिला खाद्य विभाग ने सिर्फ 50 हजार गैस कनेक्शन की ही मांग की है। इसके लिए खाद्य विभाग मंत्रालय को प्रस्ताव भी भेजा गया है।

दो स्थानों में आग से लाखों की फसल खाक

भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले में शनिवार को दो-दो जगहों पर आगजनी हो गयी है जिससे लाखों रुपए का धान जलकर खाक हो गया है। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। पहली घटना दोपहर लगभग 1 बजे की है जिसमें ग्राम बाईरडीह के टीकाराम ध्रुव, मनोज ध्रुव व खेलावन के 5 एकड़ के खड़ी फसल में आग लगी थी। आग लगने से धान पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। मौके पर सीमेंट संयंत्र के फायरकर्मी ने पहुंच कर आग तो बुझा दिया दिया है लेकिन लाखों की धान जलकर खाक हो गई है।

मिंजाई के दौरान थ्रेसर के स्पार्किंग से लगी आग

वहीं दूसरी घटना जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सकरी की है जिसमें ब्यारा में धान मिंजाई के दौरान थ्रेसर के स्पार्किंग से आग लगी थी। आग लगने से 8 कट्टा धान व 3 एकड़ का पैरावट जलकर खाक हो गया है। आग की लपटें थ्रेसर तक जा पहुंची थी लेकिन नगर सेना के फायर कर्मियों के सूझ बूझ से थ्रेसर को आग को चपेट में आने से बचा लिया गया है। दोनों जगह आगजनी से लाखों रुपए का धान जलकर खाक हो गया है।फिलहाल नगर सेना व सीमेंट संयंत्र के दमकल वाहन के मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

बेटी दामाद के झगड़े में सास की गई जान

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में हत्या का मामला सामने आया हैं जहां पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलझाने आई सास पर दामाद ने टंगिया से हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का हैं ।

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी का युवक का नाम 45 वर्षीय विनोद है। बताया जा रहा हैं कि, वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर जमाई बनकर जोबगा गाँव में रहता था। शनिवार को पति - पत्नी के बीच किसी विवाद को लेकर लड़ाई हो रहा था। जिसे सुलझाने आई सास पर दामाद ने टंगिया से हमला कर दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फ़िलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

भाटापारा/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश (एफ टी सी) बलौदाबाजार ऋषि कुमार बर्मन ने 10 वर्ष कारावास एवं ?8500 अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। इस मामले की जांच और विवेचना पलारी थाना में पदस्थ एएसआई विजय शंकर केसरिया ने की थी और शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेश द्विवेदी ने की। उपरोक्त संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2019 से 20 जून 20 तक पलारी अस्पताल कंपाउंड के बाजू गली में स्थित अपने घर में आरोपी द्वारा पीड़िता को विवाह का प्रलोभन देकर, उसके साथ लगातार बलात्कार किया। तत्पश्चात पीड़िता के गर्भ ठहरने पर उससे विवाह करूंगा कहकर, पीड़िता को बिना बताए उसके पानी में गर्भपात की दवा मिलाकर उसे पिलाया तथा पीडिता के साथ लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया। उक्त रिपोर्ट पर थाना पलारी में आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 313,506-द्धद्ध भादवि के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। आरोपी पूर्व से विवाहित था, इसके बावजूद पीड़िता महिला को शादी का प्रलोभन देते हुए लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। उक्त रिपोर्ट पर थाना पलारी पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहा न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश (एफ टी सी) बलौदाबाजार ऋषि कुमार बर्मन ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपी द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना* पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी रवि भूषण निवासी पलारी को भादवि की धारा 376 में 10 वर्ष कारावास एवं ?5000 अर्थदंड, धारा 313 में 05 वर्ष कारावास एवं 2500 रुपए से दंडित किया गया।

कांग्रेस और बीजेपी प्रत्याशी पहुंचे मंदिर

नगरी/नवप्रदेश। विधानसभा में भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह कल 3 तारीख को मतगणना में जाने के लिए भाजपा के प्रत्याशी श्रवण मरकाम के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना करके धमतरी के लिए मतगणना स्थल जाने के लिए प्रस्थान किया वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा कार्यकर्ताओं द्वारा बमलेश्वरी मंदिर का दर्शन कर आए सभी भगवान के सामने मस्तक टेक कर विजय की मांग का लेकर दिखाई दी दोनों पार्टी के कार्यकर्ता विजय को लेकर अति उत्साह दिखाई दे रहे हैं साथी दोनों पार्टी के कार्यकर्ता धमतरी रवाना हुए।

स्कूलों का अफसरों ने किया औचक निरीक्षण

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के प्राथमिक शाला/ माध्यमिक शाला देवगांव,उमरगांव, सांकरा,बेलर गांव का सूर्यवंशी डीएमसी धमतरी, एन के साहू एपीसी धमतरी, रामू लाल साहू बीआरसी नगरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पीएम श्री स्कूल नवागांव में विभिन्न मद के स्वीकृत राशि का सही समय पर उपयोग करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। पूर्व व्यावसायिक शिक्षा में प्राप्त राशि से व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों द्वारा छात्र-छात्राओं को समय सीमा प्रशिक्षण देकर उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा वीडियो बनाकर जानकारी जमा करने कहा गया। सभी स्कूल में छह माही परीक्षा हेतु कोर्स पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। सभी बच्चों को कक्षा स्तर में लाने हेतु निर्देशित डीएमसी द्वारा दिया गया। उक्त अवसर पर समन्वयक दिनेश ताम्रकार, एस कुमार ध्रुव, शिक्षक कंचन साहू मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी प्रधान पाठक केपी साहू ने दी है।



महिला खेल स्पर्धा में लेवई ओवर ऑल चैंपियन

भाटापारा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन स्थानीय शासकीय गजानंद अग्रवाल महाविधालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया । खेल का शुभारंभ शासकीय गजानंद महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ पूर्णिमा साहू अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आनंद मिंज प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव के आतिथ्य में हुआ । आयोजन के क्रीड़ा प्रभारी शरद पंसारी ने बताया कि इस आयोजन में भाटापारा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत, शहर के स्कूल एवं अन्य संस्थाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम खिलेश्वरी वर्मा लेवई द्वितीय प्रीति यादव 400 मीटर में प्रथम दुर्गा ध्रुव द्वितीय सिद्धि साहू तरंगा, तवा फेंक में प्रथम सरोजनी सागर लेवाई, द्वितीय रागिनी साहू तारेंगा, बैडमिंटन में प्रथम अनुष्का साहू, द्वितीय साक्षी बघेल, तृतीय फलक सभी मार्डन इंग्लिश मीडियम स्कूल भाटापारा, खो- खो में प्रथम ग्राम लेवाई द्वितीय ग्राम कोदवा, रस्सा कसी में प्रथम पंचम दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, द्वितीय मयूर शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा रही इसी प्रकार 18 से 35 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम किरण ध्रुव लेवाई, द्वितीय गायत्री साहू तरेंगा, 400 मीटर प्रथम लक्ष्मी साहू लेवाई, द्वितीय गायत्री साहू तरेंगा, तवा फेंक प्रथम हीना यादव तरेंगा, द्वितीय मोतीम साहू तरेंगा बैडमिंटन प्रथम श्रुति बंजारे भाटापारा, द्वितीय नेहा पाल, भाटापारा, खो- खो प्रथम लेवाई द्वितीय कोदवा की टीम रही। इस तरह से ग्राम लेवई की टीम ओवर ऑल चैंपियन रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्राफी प्रदान किया गया । प्रतियोगिता के सफल सम्पादन में आलोक गुप्ता, योगेश कटैलिया,सोनचंद ध्रुव, फिरोज टंडन, चंद्रकांत बागड़े,परिचय मिश्रा, उमाप्रसाद राठौर, अखिलेश यादव, निर्मल जांगड़े, शिब्बू मानिकपुरी, सुमन साहा,श्रीमती इंद्राणी साहू, श्रीमती महेश्वरी पंसारी, वर्षा मिरी, रमा टंडन, आकाश आनंद, राहुल साहू, लोकेश ध्रुव, खिलेशवर वर्मा, सागर वर्मा के साथ साथ शहर थाना, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद के साथ साथ शासकीय गजानंद महाविघालय समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ।

■ न्यूज गैलरी

सिटी कॉलेज में मनाया एड्स दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में दिनांक 2 दिसंबर 2023, दिन-शनिवार को आईक्यूएसी सेल के अंतर्गत कार्यक्रम रखा गया, जिसमें एड्स दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। एड्स के प्रति जागरूकता एवं बचाव हेतु प्राचार्य द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। एड्स दिवस के कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं बीएड व डीएलएड के सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

बालिका बॉस्केटबॉल टीम ने पहले लीग मैच में जीत दर्ज की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वाराणसी में बालिकाओं के लिए 2 से 4 दिसंबर 2023 तक आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अपने पहले लीग मैच में सेंट एडमंड्स स्कूल जयपुर को 42-31 अंकों से परास्त किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने उक्त संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता है। वाराणसी में आयोजित बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में देश और विदेश की टीमें भाग ले रही है। डीपीएस खेलों इंडिया एकेडमी, भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र, राजनांदगांव एवं सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड्मी के खिलाड़ियों से सज्जित दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम की और से श्रेया घोष, श्वेता सिंह, करिश्मा मीणा, सानिया प्रधान, राजवीर मालाधरेए,सोफी सिका, काम्या झा, नेहा मंडावी, प्रसिद्धी सोनकर, रमोली नेताम, अदिती यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम के कोच अंतरराष्टीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच गीता यादव और मेनेजर मोहन राव है। अतः वे इस प्रतियोगिता में टीम के साथ नहीं है।

कलेक्टर ने मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 आम चुनाव अन्तर्गत 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना से एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सुनील कुमार और सुश्री अंजू चौधरी ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाये गये मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंन कहा कि मतगणना के लिए विधानसभावार संलग्न कर्मचारियों को निर्धारित समय पर मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति देकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से प्राप्त मतों एवं डाकमत पत्रों से प्राप्त परिणामों की गिनती तथा टेबलवार निर्धारित प्रपत्रों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, रिटर्निंग ऑफिसर राजिम धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक, सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रेक्षक ने मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने एवं सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश दिए। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

कोर्ट के आदेश की अवहेलना निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी

■ **स्टे के बाद भी काम चल रहा**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के गौरव पथ मार्ग (बड़े लताब) किनारे स्टे लगे कार्य को बिना अनुमति नगर पंचायत के द्वारा धड़ल्ले से निर्माण किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह निर्माण कार्य सलोनीकला मुख्य मार्ग से लगा हुआ है. इसमें निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स और मुख्य मार्ग के बीच जरा भी दूरी नहीं छोड़ा गया है। इससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। यह एक टर्निंग पॉइंट भी हैं जहां पहले भी कई दुर्घटना हो चुका है बावजूद इस मोड़ पर रोड से सटाकर नगर पंचायत के द्वारा कॉम्प्लेक्स निर्माण कराया जा रहा है । जिसका कई बार खबर प्रकाशन भी किया जा चुका है । खबर लगाने के उपरांत भटगांव तहसीलदार अर्पण कुर्रे के द्वारा मामले की जांच कर निर्माण कार्य पर रोक लगाया है । परंतु नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा तहसीलदार के रोक (स्टे) के आदेश का अवहेलना करते हुए बिना अनुमति पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। जो निश्चित ही दुर्घटना को आमंत्रण के बराबर है । पूर्व में भी इसका खबर प्रकाशन किया गया है लेकिन अब जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है । एक बड़ा सवाल यह भी है की जांच के पश्चात रोक (स्टे) लगाया गया लेकिन बिना अनुमति स्टे को हटाए बगैर हो रहे निर्माण कार्य पर अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही क्यों नही किया जा रहा है । यह लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है । रोक लगे कार्य पर पुनः कार्य प्रारंभ हुए आज 5 दिन हो गया लेकिन अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नही करना नगर पंचायत के साथ साठगांठ होने का आशंका भी जताई जा रही है।

तहसीलदार ने नहीं उठाया फोन

वहीं इस संबंध में जानकारी लेने के लिए भटगांव तहसीलदार अर्पण कुमार कुर्रे को दूरभाष के जरूर संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया । अब ऐसे में देखने वाली बात होगी की पुनः खबर प्रकाशन करने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने वाली नगर पंचायत पर क्या कुछ कार्यवाही किया जाता है और बिना अनुमति धड़ल्ले से हो रहे निर्माण कार्य पर कब तक रोक लगाया जाता है।

व्यापारी संघ की हुई बैठक

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। स्थानीय नगर पंचायत फिंगेश्वर के द्वारा सिवनी व्यापारी विकास संघ की बैठक शुक्रवार 1 दिसंबर को मां रमई पाठ धाम सोरिद खुर्द में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों व्यापारियों की उपस्थित रही।।साथ ही द्वारासिवनी व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष युवराज सिन्हा उपाध्यक्ष चमन यादव, कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा, सचिव भीखम साहू ने वार्षिक आवक जावक, यात्रा भ्रमण की जानकारी दी गई।। साथ ही उपस्थित संघ के संरक्षक यदुनंदन श्रीवास, महेंद्र सिंह ठाकुर, नाथू कश्यप, राम प्रसाद साहू, नेमीचंद जैन ने भी व्यापारी बंधुओ के प्रति संबोधित किया। द्वार सिवनी व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने संबोधन में कहा ।।कि आप सभी पूर्व के संरक्षक अध्यक्ष को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। कि आप लोगों की वजह से ही इतनी बड़ी संगठन तैयार हुआ है ।और सभी व्यापारी भाई आज बड़े ही उत्साह के साथ हम सभी हमारे व्यापारी भाइयों को एक संगठन बना कर दिया जो कि आज तक बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हर व्यापारी हमारे संगठन में सभी को उत्साह देखने को मिल रहा है।। और आज सैकड़ो की जनसंख्या में हम सभी व्यापारी भाई उपस्थित हैं जो भारी संख्या में हमसे विश्वास से जुड़े रहे हैं ।यही हमारी संघ की संतोष सेवा ,विश्वास है।

जानकारी ही एड्स से बचाव

■ **समुदाय को नेतृत्व करने दें : डॉ बीएल राज**

कवर्धा/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर परियोजना द्वारा शा. गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय स. लोहारा जिला कबीरधाम में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर HIV/एड्स के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चलचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर एवं कैंडल जलाकर किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों का बैच एवं नाको का रेड रिबन लगाकर सम्मानित किया गया।

डॉ बी एल राज कार्यक्रम के मुख्यअतिथि द्वारा HIV एड्स के रोकथाम हेतु एवं जागरूकता लाने के के उद्देश्य से HIV/एड्स क्या है एवं कैसे फैलता है और कैसे बचा जा सकता है। देश दुनिया में HIV वायरल कैसे प्रभावित कर रही है। प्रवासी, ट्रकर्स, द्वुष्ठ, स्स्रू ज्ञत एवं महिला यौन कर्मियों द्वारा HIV तेजी से बढ़ रही है तथा HIV वायरल से समुदाय के लोग अनजान है जिसमें जागरूकता की आवश्यकता है। आगे महा.वि.के छात्रों से कहाँ की समुदाय को नेतृत्व करने दें।

डॉ संजय खरसन-खण्ड चिकित्सा अधिकारी स. लोहारा द्वारा इस अवसर पर HIV होने तथा बचाव के प्रमुख चार कारणों की जानकारी दिए और कहाँ की पुरे सरकारी स्वास्थ्य सेवा आप सभी के लिये निःशुल्क है। हम सबको अपना HIV का स्टेटस पता होना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को खून का आदान प्रदान की आवश्यकता होने पर किसी मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से ही लेवे।

बालाराम साहू - जिला समन्वयक -रेडक्रास सोसाइटी ने HIV/एड्स के प्रति जागरूकता करतें हुए कहाँ की HIV की जानकारी ही बचाव है दुनिया में HIV के प्रति लोग अनजान है कैसे फ़ैलते है एवं कैसे बचे जा सकते की जानकारी दिए।

दौलतराम कश्यप (आस्था समिति के अध्यक्ष) ने बताया की संस्था स्वास्थ्य के मुद्दों पर विगत 20 वर्षो से सफलतापूर्वक कबीरधाम एवं राजनांदगांव जिले में TB/HIV के रोकथाम हेतु कार्य कर रही है। चाइल्ड लाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर कबीरधाम एवं मुंगेली जिले सफलता से कार्य किये एवं राज्य में अलग अलग कार्य एवं मुद्दों पर शासन के साथ मिलकर कार्य करने अनुभव रहा।

टीबी और एड्स उन्मूलन के लिए लोगों में जागरूकता जरूरी : डॉ. एके वर्मा

बेमेतरा/नवप्रदेश। 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस में टीबी एवं एचआईवी एड्स की बचाव टेस्ट इलाज की जानकारी दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी डॉ. जीएल टंडन एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ एसआर चुरेन्द्र, जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. केडी साहू के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एके वर्मा के मार्गदर्शन में शास. कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय मोहगांव वि साजा में एड्स एवं टीबी उन्मूलन जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ संगोष्ठी एवं वाद विवाद के साथ ही एचआईवी एड्स एवं टीबी उन्मूलन के कारण, रोकथाम और बचाव के विषय पर छात्र/छात्राओ एवं शिक्षकों को विभागीय सदस्यों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही यह भी बताया गया कि साल दर साल एचआईवी एवं टीबी पॉजिटिव का दर बढ़ता ही जा रहा हैं, जिसको जन जागरूकता से ही रोका जा सकता हैं।

श्रृंगवेरपुर में राम केंवट प्रसंग की झांकी की प्रस्तुति

भाटापारा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन श्रृंगवेरपुर में 23नवंबर से 27नवंबर तक आयोजित की गई थी। ललित सिंह ठाकुर की दुर्गा माला मंच द्वारा राम केंवट प्रसंग की मनोरम नाट्य झांकी प्रस्तुत की गयी। जिसमें राम की भूमिका में पत्रकार मुकेश शर्मा माता जानकी की भूमिका में सरिता रानी शर्मा, लक्ष्मण रवि वैष्णव केंवट की भूमिका योगीनाथ वैष्णव एवं उनकी पत्नी की भूमिका कमला वैष्णव द्वारा प्रस्तुति दी। यह 34 वां आयोजन था। भगवान राम के आदर्शमय जीवन एवं प्रेरणादायी प्रसंगों मे विभिन्न स्थलों की महिमा है क्योंकि ये स्थल साक्षी हैं उन आयामों के जिनका निर्माण भगवान द्वारा किया गया और समाज को महान संदेश एवं प्रेरणा दिया गया है,ऐसे ही स्थलों मे एक स्थल का नाम आता है और वह है श्रृंगवेरपुर धाम जहां भगवान के संघर्षमय जीवन की रुपरेखा बनी और नवपथ की ओर अग्रसर होनें का मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्रयाग से ल ग भ ग 35किलोमीटर की दूरी पर स्थिति श्रृंगवेरपुर कालांतर मे निषादराज की राजधानी थी, भगवान को चौदह वर्ष के वनवास की प्राप्ति के बाद भगवान वन की ओर गमन किये जहां गंगा नदी पार करने के लिए केंवट से हुए संवाद और उसके बाद दोनों के बीच प्रेम की विराट अभिव्यक्ति समाज के लिए एक आदर्श बन गयी,भगवान वहां रात्रि विश्राम भी किये।

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

आर.पी.के. 202306100900063
अ-19(3) वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 213, 1332, 1333, 1335 को डी.एल.सी. की बैठक दिनांक 28.04.2023 को प्रस्ताव कमांक 01 में लिए निर्णय अनुसार तहसील पाटन में न्यायिक अधिकारियों/कर्मचारियों के आवास गृह निर्माण हेतु आबंटन किए जाने हेतु प्राप्त ज्ञापन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि को आवेदक कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग के पक्ष मे आबंटित किए जाने जाने कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.12.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.11.2023 को जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र अ-6/2023-24/

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदक पवन सिन्हा अन्य 6 पिता स्व. दौलत राम सिन्हा निवासी ग्राम गया नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 742/1, 327/17 (922/18, 887/18, 922/17) रकबा 0.0670, 0.01607 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दौलत राम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 13/12/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय कीपद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 23/11/23
सुनवाई तिथि 13/12/23

सील — तहसीलदार, दुर्ग

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7183 दिनांक 01.12.2023
वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR651J01056 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PAWAN PRITHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MURLIDHAR PRITHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHRICHAND NAGDEV पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LT. GYANCHAND NAGDEV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेदराम यादव पिता भागवत यादव जाति राऊत निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवकर में दिनांक 31.05.2023 को आवेदक के पुत्र अरविन्द कुमार यादव की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 15/12/2023 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 30/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी किया गया।

दिनांक 30.11.2023
स्थान देवकर

सील — तहसीलदार, देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदभ:- जिला दुर्ग तहसील-पाटन प.ह.न. 00006 सांकरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी 202324430302400006

ईश्तहार

तहसील पाटन के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम सांकरा के वर्तमान भूमिस्वामी जगदीपसिंह पिता/पति-पि चद्रसिंह पता-सा. रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 84/3 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजय कुमार राहांगडाले पिता/पति-एस.एन. राहांगडाले पता-ग्राम सोनपुरी, तहसील बैहर, जिला बालाघाट, म.प्र. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/12/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/12/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष

छत्तीसगढ़ समेत चार राज्यों के निजाम तय...

2 करोड़ तीन लाख से अधिक मतदाताओं में से 76.31 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग एक करोड़ 54 लाख 90 हजार से अधिक लोगों ने मतदान किया।

90 विधानसभा में कहां-कितने राउंड में होगी मतगणना

विस	राउंड
भरतपुर-सोनहत	15
मनेन्द्रगढ़	12
बैकुंठपुर	17
प्रेमनगर	20
भटगांव	22
प्रतापपुर	22
रामानुजगंज	20
सामरी	19
लुंड्रा	19
अम्बिकापुर	21
सीतापुर	18
जशपुर	24
कुनकुरी	20
पत्थलगांव	20
लैलूंगा	21
रायगढ़	21
सारंगढ़	17
खरसिया	21
धर्मजयगढ़	21
रामपुर	21
कोरबा	18
कटघोरा	19
पाली-तानाखार	22
मरवाही	20
लोरमी	20
तखतपुर	21
बिल्हा	23
बिलासपुर	17
बेलतरा	24
अकलतरा	17
जांजगीर-चांपा	16
सक्ती	17
चंद्रपुर	19
जैजैपुर	20
पामगढ़	16
सराईपाली	20
बसना	21
खल्लारी	20
महासमुंद	18
बिलाईगढ़	18
कसडोल	20
बलौदाबाजार	22
भाटापारा	21
धरसींवा	18
रायपुर ग्रामीण	22
रायपुर नगर पश्चिम	19
रायपुर नगर उत्तर	15
रायपुर नगर दक्षिण	19
आरंग	18
अभनपुर	18
राजिम	20
बिंद्रानवागढ़	22
सिहावा	19
कुरूद	17
धमतरी	19
संजारी बालोद	19
डौंडीलोहारा	20
गुंडरदेही	21
पाटन	18
दुर्ग ग्रामीण	17
दुर्ग शहर	16
भिलाई नगर	12
वैशाली नगर	18
अहिवारा	19
साजा	22
बेमेतरा	20
नवागढ़	22
पंडरिया	19
कवर्धा	20
खैरागढ़	21
डोंगरगढ़	20
राजनांदगांव	16
डोंगरगांव	18
खुज्जी	19
मोहला-मानपुर	17
अंतागढ़	16
भानुप्रतापुर	19
कांकेर	18
केशकाल	21
कोंडागांव	18
नारायणपुर	19
बस्तर	16
जगदलपुर	18
चित्रकोट	18
दंतेवाड़ा	20
बीजापुर	17

सीएम की पीएम को चिट्ठी ऑनलाइन बेटिंग..

दर्ज किए हैं, जिनमें 450 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बैंक खातों में 16 करोड़ रुपए फ्रीज करवाए जा चुके हैं। कई सामान भी जब्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य के पुलिस ने अन्य प्रदेश में जाकर भी कार्रवाई की है। सीएम भूपेश बघेल ने अपने पत्र में लिखा कि कारोबार में उपयोग किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, टेलीग्राम, व्हाट्सएप, यूआरएल लिंक, इंस्टाग्राम और एपीके फ इल इन सभी का पहचान कर इन्हें प्रतिबंधित करवाया जाए।

मोदी छवि सुधारने के लिए ले रहे हैं सेल्फी...

है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इससे पहले उन्होंने लाइव फ ीड पर आकर चंद्रयान-3 के लैंडिंग को हाईजैक किया और उससे पहले उन्होंने कोविड-19 वैक्सीन के सभी सर्टिफि केट्स पर अपना चेहरा चिपकवा दिया था। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ उदाहरण हैं जो उस व्यक्ति की असीम असुरक्षाओं और उसके चारों ओर फैली घिनौनी चाटुकारिता को दर्शाते हैं। दस वर्षों के अंत होते-होते, भारत के लोग आत्मप्रचार में लगे प्रधानमंत्री के इन तरीकों से तंग आ चुके हैं। प्रधानमंत्री ऐसे लेवल तक पहुंच गए हैं, जिसके आगे केवल उत्तर कोरियाई तानाशाह ही जाते हैं। जनता जल्द ही मुंहतोड़ जवाब देगी।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/पीएम/बीएसपीआर/भू.रा./आमगांव/23/1800 — **सूचना** — दिनांक 22.11.2023

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत आमगांव ओपनकास्ट परियोजना हेतु ग्राम पटना के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जावेगी।

क्र0	भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9(1) दि. 16.07.2006 का	स्टेटमेंट 12 के अनुसार भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम/वर्तमान वारिस का नाम	टिप्पणी
01	उजार आ. रमेसार, जाति-कुम्हार खसरा क्र. एवं रकबा हे. में- 187/1-0.69, 838-0.14, 856/1-0.19, 863/1-0.10, 866/1-0.08, 879/1-0.13, 1007/1-0.27, 1014/1-0.26, 1073/1-0.47, 1165/1-0.27 कुल- 2.60 हे. (6.425 एकड़)	उजार आ. रमेसार, जाति-कुम्हार (फौत) वर्तमान वारिस- रामलाल, रामदेव आ. उजार, जागेसरी, कुंती, फुलमती पुत्री उजार, मु. रनमेत बेवा उजार, जाति-कुम्हार खसरा क्र. एवं रकबा हे. में- 187/1-0.69, 838-0.14, 856/1-0.19, 863/1-0.10, 866/1-0.08, 879/1-0.13, 1007/1-0.27, 1014/1-0.26, 1073/1-0.47, 1165/1-0.27 कुल- 2.60 हे. (6.425 एकड़)	भूमिस्वामी के नाम में अंतर आवेदन, नामांकन, सहमति पत्र में रामलाल, रामदेव आ. उजार, जागेसरी, कुंती, फुलमती पुत्री उजार, मु. रनमेत बेवा उजार ऋणपुस्तिका में रामलाल, रामदेव आ. उजार, जागेसरी, कुंती, फुलमती पुत्री उजार मु. रनमेत बेवा उजार, वर्तमान खसरा एवं बी-1 में रामलाल, रामदेव आ. उजार, जागेसरी, कुंती, फुलमती पुत्री उजार मु. रनमेत बेवा उजार, नामांतरण पंजी में रामलाल, रामदेव आ. उजार, जागेसरी, कुंती, फुलमती पुत्री उजार मु. रनमेत बेवा उजार है। आधार कार्ड में राम लाल आ. उजार उजार साय, राम देव आ. उजार साय, जागेसरी प्रजापति पति रविन्द्र, कुंती पति बुध राम, फुलमती पुत्री उजार साय, रनमेत पति उजार अंकित है।

क्र0	भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम धारा 9(1) दि. 16.07.2006 का	स्टेटमेंट 12 के अनुसार भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम/वर्तमान वारिस का नाम	रोजगार हेतु प्रस्तावित व्यक्ति का नाम एवं भूमि स्वामी से सम्बन्ध	दस्तावेज	नाम
01	रामसाय आ. खेदु, जाति-उरांव खसरा क्र. एवं रकबा हे. में 192/4-0.12, 192/8-0.10, 192/13-0.06, 192/16-0.09, 192/19-0.12, 192/23-0.11, 1022/1-0.06, 1051/1-0.07 कुल -0.73 हे. (1.804 एकड़)	रामसाय आ. खेदु, जाति-उरांव (फौत)वर्तमान वारिस- शिवनन्दन आ. रामसाय,जाति-उरांव खसरा क्र. एवं रकबा हे. में 192/4-0.12,192/8-0.10, 192/13-0.06,192/16-0.09, 192/19-0.12,192/23-0.11, 1022/1-0.06,1051/1-0.07 कुल -0.73 हे. (1.804 एकड़)	विजय राम आ. शिवनन्दन राम, भूमिस्वामी से सम्बंध- रामसाय का पोता	दसवीं	विजय राम आ. शिवनन्दन
				निवास	विजय राम आ. शिवनन्दन राम
				जाति	विजय राम आ. शिवनन्दन राम
				शिक्षा	विजय राम आ. शिवनन्दन राम
				रोजगार पंजीयन	विजय राम आ. शिवनन्दन राम
				वोटर आई.डी.	विजय राम आ. शिवनन्दन
				राशन कार्ड	विजय
				आधार कार्ड	विजय राम आ. शिवनन्दन राम

टीप- धारा 9(1) के भूमिस्वामी रामसाय आ. खेदु, जाति-उरांव की मृत्यु दिनांक 28.03.2017 के बाद आवेदन, नामांकन, सहमति पत्र में भूमिस्वामी का नाम शिवनन्दन आ. रामसाय, जाति-उरांव का नाम अंकित है। वर्तमान भूमिस्वामी का नाम सभी भू-दस्तावेज में शिवनन्दन आ. रामसाय एवं आधार कार्ड में शिवनन्दन भगत एवं रामसाय भगत अंकित है।

अतः किसी भी सम्बन्धित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही स्वीकार किया जायेगा। यह भी कि पूर्व प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर ही प्रकरण का ही नियमानुसार निराकरण किया जावेगा।

SECL/23-24/231 — क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, बिश्रामपुर क्षेत्र

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

एड्स दिवस पर विभिन्न स्पर्धा आयोजित

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य श्रीमती वर्षा ठाकुर के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों के माध्यम से जनसमुदाय में जागरूकता लाने के लिए चित्रकला ,पोस्टर निर्माण ,रंगोली और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । खास बात इस प्रतियोगिता में छात्र - छात्राओं दोनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया । कक्षा 10वीं की महिला विश्वकर्मा ,तारणी साहू ,अंजली साव ,तरुण निर्मलकर , कुसुम साव ,कुसुम कुमारी , मंजू यादव ,मनिषा , विकास , कृपा सागर , रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की कुमारी अनामिका लोनिया ,अंजली देवदास , कुसुम साव , अल्का यादव , सागर यादव, कुसुम कुमारी, विकास पटेल , निबंध प्रतियोगिता में महिमा विश्वकर्मा , तारिणी साहू , श्वेता साहू , सागर यादव ने भाग लिया ।सभी बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा । विद्यार्थियों ने निबंध ,पोस्टर और रंगोली के माध्यम से एड्स क्या है यह बीमारी किस प्रकार फैलता है बचाव के क्या क्या उपाय है इसे बड़ी खूबसूरती से बताया । प्राचार्य श्रीमती वर्षा ठाकुर ने कहा इस प्रकार के क्रिया कलाप से जागरूकता के साथ साथ विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभाएं सामने आती है । रंगोली प्रतियोगिता व्याख्याता श्रीमती प्रतिमा भारद्वाज के मार्गदर्शन में , पोस्टर निर्माण व्याख्याता श्रीमती रूपेशवरी साहू , श्रीमती एशमी बंजारे निबंध प्रतियोगिता श्रीमती प्रतिभा बुरहान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । इस अवसर पर व्याख्याता श्रीमती मैथ्यू ,श्रीमती कर्महे , श्रीमती लुबना परवीन , संजय यादव , गौकरण यादव , रूखमणी विश्वकर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।

8 पुरुषों ने कराई नसबंदी

पाटन/नवप्रदेश । पुरूष नसबंदी पखवाड़े अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एंव जिला स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण अधिकारी डॉ सतीश मेश्राम के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में सर्जन डॉ ए के सन्याल ओर डा दिलीप कश्यप की टीम ने 8 पुरूषों की एन एस व्ही टी (पुरुष) नसबंदी किया है । पब्लिक हेल्थ एडवाइजर डा आशीष शर्मा ने बताया कि परिवार नियोजन पखवाड़ा अंतर्गत 11 दिसंबर तक नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे डा आशीष शर्मा ने बताया छत्तीसगढ़ सहित देश में प्रचलन है कि महिलाएं नसबंदी कराने आगे है एक गलत धारणा बैठ गई है कि पुरुष नसबंदी कराने के बाद कमजोर हो जाता कार्य करने कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जो कि मिथ्या एवं ग़लत धारणा है पुरुष नसबंदी कराने के बाद सभी कार्य पुर्व के भांति करते हैं साइकिल चलाना, मशीनरी कार्य एंव अन्य शरीरिक कार्य आसानी से कर सकते हैं दाम्पत्य जीवन में कोई कमी नहीं आती है हमारे देश सहित सभी प्रदेशों में महिला गर्भ धारण करती,प्रसव की कठिनाइयां उठाती है ओर फिर परिवार नियोजन साधनो में भी वे ही आगे आती है छोटा परिवार सुखी परिवार फॉर्मूला के दोनों को बराबरी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है कार्यक्रम में बीईटीओ बी एल वर्मा, श्रीमती चंद्र कांता साहू, बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम नर्सिंग स्टाफ ओर ओ टी टीम तथा स्वास्थ्य संयोजिका संयोजक का बडा योगदान रहा।

अंतरशालेय कबड्डी स्पर्धा की रामकृष्ण पब्लिक स्कूल विजेता

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरूकुल पब्लिक स्कूल में शनिवार 2 दिसंबर को अंतरशालेय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया. जिसमें रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, सेजस स्कूल बोड़ला, अशोका पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुरूकुल पब्लिक स्कूल, एवं गुरूकुल हॉस्टल, केन्द्रीय विद्यालय, संस्कार सिटी, इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव की टीमें अपनी सहभागिता निभाते हुए उत्कृष्टता हासिल करने हेतु भागीरथ प्रयास किए। जिसमें रामकृष्ण पब्लिक स्कूल और सेजस स्कूल बोड़ला के मध्य फाइनल मैच खेला गया। इसमें रामकृष्ण पब्लिक स्कूल विजेता एवं सेजस स्कूल बोड़ला उप विजेता रही। विजेता व उप विजेता टीम कि खिलाड़ियों को गुरूकुल परिवार के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण कबड्डी क्रीडा प्रतियोगिता को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उपलक्ष्य में संस्था के समस्त संचालकगण प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह, एडमिन संदीप श्रीवास्तव, श्रीमती माया जैन ने विद्यालय के क्रीडा विभाग के समस्त शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

मतगणना से पहले हुआ मतगणना का पूर्वाभ्यास

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना कल 3 दिसंबर को होगी। कल होने वाली से मतगणना को लेकर आज शनिवार को पहले मतगणना की रिहर्सल की गयी। सारी व्यवस्थाएं मतगणना जैसी थी। कब क्या होना है, कैसे मतपत्र गिने जाने हैं, बैठने का बंदोबस्त कैसा होगा सब कुछ हुआ, रिहर्सल में। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा के नेतृत्व में मतगणना कार्य का पूर्वाभ्यास किया गया। ताकि ऐन वक्त पर अड़चन पैदा न हो। इसके अलावा अधिकारियों ने मतगणना स्थलों का निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। तीनों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों और कार्मिकों ने मतगणना कार्य का पूर्वाभ्यास किया।

सबसे पहले भिलाई नगर व आखिरी में अहिवारा के आएंगे नतीजे

■ दुर्ग के 6 विधानसभा के मतों की होगी गणना

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के 6 विधानसभा सीटों के कुल 93 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला रविवार के दिन 3 दिसंबर को होगा। मतगणना के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने जुनवानी रोड स्थित श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। मतगणना के लिए विधानसभावार 14-14 टेबल लगाए गए है। मतगणना की शुरुवात सुबह 8 बजे होगी। पहले डाकमतों की गणना की जाएगी, तत्पश्चात साढ़े 8 बजे से ईव्हीएम के मतों की गिनती शुरु होगी। पहले राउंड की गिनती सुबह साढ़े 9 बजे तक पूरी कर ली जाएगी। जिससे प्रारंभिक रुझान भी आने शुरु हो जाएंगे। पाटन विधानसभा की मतगणना 18 राउंड में पूरी होगी। इसी प्रकार दुर्ग ग्रामीण 17 राउंड, दुर्ग शहर 16 राउंड, भिलाई नगर 12 राउंड, वैशाली नगर 18 राउंड और अहिवारा की मतगणना 19 राउंड में होगी। लिहाजा भिलाई नगर विधानसभा के चुनाव परिणाम सबसे पहले आएंगे, वहीं अहिवारा विधानसभा चुनाव के नतीजे सबसे अंतिम में आएंगे। मतगणना के पहले व दूसरे राउंड को छोड़कर शेष राउंड की मतगणना में आधे-आधे घंटा का समय लगेगा। जिससे प्रत्याशियों के बढ़त बनाने और पिछड़ने के चुनावी रुझान मिलते रहेंगे। इस विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिले अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा, भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू, भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर, भिलाई नगर से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव, भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर, भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन, अहिवारा से कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल कोसरे, भाजपा प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और हाईप्रोफाईल सीट कहे जाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गृह विधानसभा क्षेत्र पाटन में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल, भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल और जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी अमित जोगी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। हालांकि 17 नवंबर को मतदान के बाद कांग्रेस-भाजपा के अलावा अन्य प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने जीत के दावे किए गए है, लेकिन चुनाव को लेकर आए प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के एक्जिट पोल ने कांग्रेस खेमे में उत्साह का संचार कर दिया है। बावजूद भाजपा खेमा अभी भी निराश नहीं है। भाजपा नेताओं को पूरी उम्मीद है कि जब 3 दिसंबर को मतगणना के दिन ईव्हीएम खुलेंगे तो उसमें कमल खिलेगा। कांग्रेस-भाजपा नेताओं के इन दावों ने मुकाबला को बराबर का बना दिया है। जिससे मतदाता भी जिले के सभी 6 विधानसभा सीटों पर कांटे की टक्कर होना मान रहे है। कौन प्रत्याशी जीतेगा या किसे पराजय का सामना करना पड़ेगा फिलहाल यह कहना अभी अतिश्योक्ति होगा। लेकिन चुनाव के दौरान कांग्रेस-भाजपा व अन्य दलों के बीच मचे घमासान ने इस चुनाव के परिणाम को काफी रोचक व दिलचस्प बना दिया है। परिणाम का प्रत्याशियों के साथ-साथ उनके समर्थकों और मतदाताओं को भी बेसब्री से इंतजार है। मतगणना से पूर्व शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने मीडिया से चर्चा में मतगणना की तैयारियों एवं उससे जुड़े अन्य विषयों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि मतगणना स्थल में टेबल के आधार पर प्रत्येक टेबल के लिए एक गणना प्रेक्षक और एक गणना सहायक तथा एक माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। मतगणना स्थल पर केवल पास धारियों को प्रवेश मिलेगा। मतगणना स्थल में मोबाइल फोन,आईपेड,लेपटाप,स्मार्ट वाच, कैमरा व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीड़ी,सिगरेट, गुटखा ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। प्रत्याशियों के मतगणना एजेंटों को मतगणना स्थल पर ही प्लास्टिक पेन,पेपर व केलकुलेटर उपलब्ध करवाए जाएंगे। श्री मीणा ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन लेयर की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। स्पेशल फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है।

मिडिल स्कूल दरबार मोखली ओवरऑल चैंपियन

■ मोखली में संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा आयोजित

पाटन/नवप्रदेश । सेमरी संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दरबार मोखली के तत्वाधान में किया गया. जिसमें प्राथमिक शाला दरबार मोखली प्राथमिक शाला कसही, सेमरी, धूमा, बोरीद स्कूल शामिल हुए।

एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया प्रतियोगिता में दौड़,जलेबी दौड़,कुर्सी दौड़,मटका फोड़, कबड्डी,रस्सी आदिविभिन्न खेल का आयोजन किया गया,जिसमें बच्चों ने अपना दम दिखाया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग में 50 मीटर दौड़ में नितिन धूमा से प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर रहा तरुण सेमरी ,100 मीटर दौड़ में नितिन धूमा से हलदर धूमा से द्वितीय स्थान रहा ।मटका फोड़ कसही से चंदन प्रथम स्थान बोरा दौड़ में तरुण सेमरी से प्रथम लकी बोरीद से द्वितीय ,जलेबी दौड़ में प्रथम स्थान राहुल द्वितीय स्थान पर है किशन दरबार मोख़ली से,भवरा में प्रथम स्थान पर रहा नितिन धूमा से और सेमरी से नारायण द्वितीय स्थान पर कुर्सी दौड़ में प्रथम कसही से पोषण और द्वितीय स्थान पर रहा मोखली से भूपेंद्र आलू दौड़ में बोरिद से अनिल प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर रहा मोखली से हर्ष इसी प्रकार से प्राथमिक विभाग से बालक वर्ग में धूमा से नितिन को चैंपियनशिप का अवार्ड दिया गया।

प्राथमिक विभाग बालिका वर्ग से 50 मीटर दौड़ बोरीद से कुमारी जिज्ञासा प्रथम स्थान प्राप्त की धूमा से चांदनी द्वितीय स्थान प्राप्त की 100 मीटर दौड़ में दरबार मोखली से अंजनी प्रथम स्थान प्राप्त की और जिज्ञासा द्वितीय स्थान पर रही मटका फोड़ में मोखली से कुमारी निधि प्रथम स्थान रस्सी दौड़ कुमारी अंजनी प्रथम स्थान प्राप्त की और कुमारी अनन्या दरबार मोखली से द्वितीय स्थान पर रही, जलेबी दौड़ में कसही से कुमारी प्रेरणा प्रथम रही और निधि द्वितीय रही,कुर्सी दौड़ कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त की कुमारी भूमि धूमा से और द्वितीय स्थान पर रही तिषा सेमरी से ,गोली चम्मच दौड़ में कसही से भूमिका यादव प्रथम स्थान प्राप्त की और धूमा से ईशानी द्वितीय स्थान पर रही, फुगडी में सेमरी से कीर्ति प्रथम स्थान प्राप्त की और बोरीद से कुमारी करिश्मा द्वितीय स्थान पर रही ,कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त की बोरीद और द्वितीय स्थान पर रही दरबार मोख़ली।

माध्यमिक विभाग बालिका वर्ग से 100 मीटर दौड़ में प्रथम कुसमी बोरीद द्विया द्वितीय रही, 200 मीटर दौड़ में गीतू प्रथम,कुसमी डद्वितीय रही।रस्सी दौड़ में दिव्या प्रथम,कोकिला द्वितीय। गोला फेक में ज्योति और रश्मि,मटका फोड़ में कुमकुम,जलेबी दौड़ में तृप्ति और कुमकुम,रस्सी कूद में भूमिका और लक्ष्मी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कबड्डी में दरबार मोखली प्रथम और बोरिद स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे। माध्यमिक विभाग बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अंश और पालेश,200 मीटर दौड़ में टिकेश और कुलदीप,मटका फोड़ में नितिन,जलेबी दौड़ में अमन और रूपेश, गोला फेक में हितेश और टिकेश,गेड़ी दौड़ में हेमंत और डोमेन्द्र,भौरा में दीपांशु और आर्यन प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे।

सास के हत्यारे को आजीवन कारावास

जांजगीर/नवप्रदेश। युवक ने शादी के समय अपनी पत्नी को जेवरात दिए थे। शादी के डेढ़ साल बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर किसी दूसरे के साथ चली गई। उसके बाद युवक अपनी सास से विवाह के समय दिए हुए जेवर को मांगता था, नहीं देने पर विवाद होता था। 17 जून 2021 को युवक रामनारायण कुम्हार ने अपनी सास सुखमति प्रजापति की हत्या कर दी। इसके बाद दोस्त कमलेश केंवट के साथ मिलकर दोनों ने उसकी लाश को बाइक पर रखकर कसडोल से 75 किमी दूर मल्दा से सिलादेही तक ले आए और हसदेव नदी की रेत में दफना दिया था। आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या का मामला प्रमाणित होने के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी तिवारी ने आरोपी रामनारायण कुम्हार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, वहीं दूसरे को दोषमुक्त किया है। विशेष लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह के अनुसार नगारीडीह निवासी रामनारायण कुम्हार की शादी कसडोल थाना के मल्दा की एक युवती से हुई थी। पत्नी उसे छोड़कर चली गई तो युवक अपनी सास से उसे दिए हुए जेवरों की मांग करता था, नहीं मिलने पर उसने अपनी सास की हत्या करने की प्लानिंग की और 17 जून 21 को दोस्त कमलेश केंवट के साथ वह सास के घर पहुंच गया और सुखमति कुम्हार की हत्या कर शव को कपड़े में लपेट कर बिर्रा थाना क्षेत्र के सिलादेही तक ले आए और नदी में शव को दफना दिया।

बर्तन धोने के विवाद पर अधेड़ की राड मारकर हत्या, गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। ढाबा में कार्यरत अधेड़ व्यक्ति व एक मिस्त्री के बीच बर्तन धोने का विवाद पर युवक ने लोहे के राड से अधेड़ पर हमला कर उसकी जान ले ली। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद अधेड़ के शव को नाले में फेंक दिया। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के उज्जवलपुर के फटहा पुल नाले के पास तिवारी ढाबा की हैं। पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को ग्राम उज्जवलपुर के फटहा पुल नाले में एक व्यक्ति के शव होने की सूचना मिली । थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराकर स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे ।

ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से निकाला गया जिसकी पहचान फटहापुल तिवारी ढाबा में काम करने वाले सहेस राम प्रधान उर्फ पुच्चु प्रधान(55) पिता साधुराम प्रधान निवासी झगरपुर थाना लैलूंगा के रूप में हुई ।थाना प्रभारी द्वारा ढाबे के संचालक अरविंद तिवारी निवासी ग्राम उज्जवलपुर तराईमाल से पूछताछ की गई तो घटना के संबंध में ढाबा संचालक अरविंद तिवारी ने बताया कि उसे बीते मध्य रात्रि घटना की जानकारी हुई है । फटहापुल उज्जलपुर के पास रोड किनारे तिवारी ढाबा है जिसमें करीब ढाई साल से मृतक सहेस प्रधान उर्फ पुच्चू प्रधान खाना परोसने का काम कर रहा है तथा ग्राम गोढी का लक्ष्मण सिदार चौकीदार एवं ग्राम सुबरा थाना लैलूंगा के मनोज चौहान को डेढ महीना पहले ढाबा में खाना बनाने वाले मिस्त्री के काम पर रखा था ।रोज की तरह देर शाम अपने रायगढ़ के किराए मकान में चला गया । ढाबा में सप्लायर सहेस प्रधान, चौकीदार लक्ष्मण सिदार और मिस्त्री मनोज चौहान थे । देर रात उसे ज्ञात हुआ कि चौकीदार पास के गैरेज में आग तापने गया था, उसी समय ढाबा मिस्त्री मनोज चौहान के द्वारा सहेस प्रधान उर्फ पुच्चू प्रधान को मारकर पास के नाले में फेंक दिया है।

कलेक्टर ने व्यवस्थाओं की ली जानकारी

जांजगीर। विस अकलतरा सामान्य प्रेक्षक प्रीति, विधानसभा पामगढ़ सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर एवं एसपी ने प्रत्येक विधानसभा के गणना कक्षों में जाकर मतगणना के लिए किये गये प्रबंधों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम गणना कक्षों में लाये जाने के रास्ते, अभिकर्ताओं और एजेंटों के प्रवेश और गणना कक्षों में पहुंचने वाले प्रवेश मार्ग एवं सुरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर का भी अवलोकन किया।

मतगणना प्रेक्षकों ने मतगणना परिसर का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया के मतगणना प्रेक्षक श्री हरी कुमार केशरी और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा की मतगणना प्रेक्षक सुश्री रमीसेट्टी श्रीलता ने आज कृषि उपज मण्डी, बिलासपुर रोड, कवर्धा का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मतगणना प्रेक्षकों ने मतगणना टेबल का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकार संदीप ठाकुर, कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी पी सी कोरी, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह बिसेन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती लेखा अजगल्ले, सुश्री आकांक्षा नायक उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि दोनों विधानसभा कवर्धा एवं पंडरिया के लिए मतगणना कार्य अलग-अलग मतगणना हाल में होगी। मतगणना हाल तक पहुंचने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों, प्रत्याशियों और अभिकर्ताओं के लिए अलग-अलग रास्ता बनाएं गए है। मतगणना हाल में प्रवेश के लिए प्रवेश द्वार भी अलग-अलग बनाए गए है। स्ट्रांग रूम से ईवीएम निकालकर मतगणना हाल तक ले जाने की निगरानी के लिए वीडियोग्राफी की जाएगी, इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरा भी लगाएं गए है। उन्होंने बताया कि मतगणना परिसर में मीडिया सेंटर एवं संचार केन्द्र बनाने तथा मीडिया सेंटर में टीवी, कम्प्यूटर, लैण्डलाईन फोन, इटरनेट एवं ऑपरेटर की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। मतगणना स्थल पर मोबाईल, कैल्कुलेटर, लैपटॉप, वाई-फाई आदि इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। सिर्फ मीडिया प्रतिनिधि केवल मीडिया सेंटर तक ही मोबाईल ले जा सकते है।

परिणाम आज | मतगणना स्थल पर तीन लेयर में की सुरक्षा व्यवस्था

मतगणना केन्द्र में मोबाइल अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मतगणना की अंतिम तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना स्थल की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार मतगणना हेतु सभी व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर नियुक्त सभी प्रभारी अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर कुंदन ने विधानसभावार मतगणना कक्षों का अवलोकन करते हुए मतगणना हेतु ईवीएम काउंटिंग टेबल व्यवस्था, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का मुआयना किया। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, अधिकारियों कर्मचारियों, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों हेतु प्रवेश स्थल, बैरिकेडिंग व्यवस्था, मेडिकल इमरजेंसी कक्ष, मीडिया कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया गया। कलेक्टर श्री कुंदन ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किए गए हैं, मतगणना दिवस पर मतगणना स्थल में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैमरा, पेन सहित किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा व गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए गेट पर ही मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों तथा अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं की जांच कर प्रवेश दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि मतगणना स्थल में तीन लेयर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे स्ट्रांग रूम में आंतरिक घेरा है, जिसकी सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ कंपनी को तैनात किया गया है। इसके आलावा सेकेंड लेयर की सुरक्षा के लिए सीएएफ की एक कंपनी को तैनात किया गया है, वहीं तीसरे लेयर के लिए जिला पुलिस बल को तैनात किया गया है। एसपी ने बताया कि काउंटिंग के दौरान कोई भी अपराधिक तत्व या फिर बाहरी व्यक्ति कानून व्यवस्था को उल्लंघन न करें इसके लिए पूरे जिले को पांच सेक्टर में बांटा गया है।

अलग-अलग बने प्रवेश गेट और पार्किंग

इस दौरान बताया गया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के मुख्य गेट से काउंटिंग एजेंट, काउंटिंग सुपरवाइजर, माइक्रो ओब्जर्वर तथा अधिकारी-कर्मचारी प्रवेश कर सकेंगे, इनके लिए वाहन पार्किंग व्यवस्था कला केंद्र मैदान में होगी। अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों का प्रवेश आईटीआई गेट की ओर से होगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज के मैदान में वाहन पार्किंग कर इसी ओर बने एंट्री गेट से परिसर में प्रवेश कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने किया मतगणना कक्ष का निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत प्राप्त मतों की खबर गणना आगामी रविवार 3 दिसंबर को की जाएगी। मतगणना हेतु आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ प्रियंका शुक्ला और एसपी दिव्यांग पटेल ने नाथिया नवागांव के शासकीय पॉलीटेक्निक में स्थापित मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारी द्वय ने अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र हेतु तैयार किए गए पृथक पृथक मतगणना कक्ष में आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। तदुपरांत उन्होंने ईटीपीबीएस स्कैनिंग रूम सहित मंच एवं मीडिया सेंटर का निरीक्षण कर अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग से जारी नियमों व निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, रिटर्निंग ऑफिसर कांकेर मनीष साहू सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

रैली निकाल कर एड्स के प्रति किया जागरूक

नारायणपुर/नवप्रदेश। स्व. बद्रीनाथ बघेल जिला चिकित्सालय

नारायणपुर में 1 दिसंबर को जागतिक एड्स दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजू कुमार सिंह (क्च्ड), डॉ. डी.के. कश्यप, डॉ. ढोटे, डॉ. नाग, डॉ. परवा, डॉ. गुप्ता, स्वाति राव, सामंती, काउंसलर रीना पारकर, पिरामल टीम के मोहन झंझाड, विराज पांडे, सिकंदर माली, सत्य प्रकाश पाल, समर्थन सुशमा आदमणे और जीएनएम कॉलेज के स्टूडेंट्स शामिल थे। जागतिक एड्स दिवस के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जिला अस्पताल से एक रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से लोगों में मौजूद एड्स के खिलाफ उनमें जो भी डर और गलतफहमियां थीं, उन्हें दूर करने का प्रयास किया गया। रैली के बाद, जीएनएम कॉलेज में वाद-विवाद स्पर्धा, रंगोली स्पर्धा, और निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया। पिरामल टीम के फेलो मोहन झांझड ने स्कूल में जाकर एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने और प्रशिक्षण देने का कार्य किया, जिससे लोगों को इस बीमारी के बारे में अधिक जानकारी मिली।

छोटी बहन का मौत की खबर सुन बड़ी बहन की मौत

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार के पलारी ब्लॉक में छोटी बहन की मौत की खबर सुनकर बड़ी बहन भी दूसरे दिन चल बसी। दोनों बहनों की अटूट प्रेम को जानने वालों के लिए ये खबर दुखद है। अक्सर दोनों बहनों को किसी भी पारिवारिक सामाजिक कार्यक्रमों में एक साथ ही देखा जाता था। इन्हें एक दूसरे की परछाई भी कहा जाता था। पलारी की राम प्यारी वर्मा जो छोटी बहन है, जिसकी मौत उस वक्त हो गई जब वह एक शादी समारोह से वापस पलारी अपने घर लौट रही थी। खरोरा बस स्टैंड में दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई थी। ये पहला कार्यक्रम था, जिसमें दोनों बहन साथ नहीं गए थे। क्योंकि बड़ी बहन रुखमीन वर्मा को कुछ दिनों से चलने-फिरने में दिक्कत हो रही थी। तभी अकेले शादी से लौट रही छोटी बहन राम प्यारी वर्मा की मौत की खबर सुनकर बड़ी बहन इस सदमे से उबर नहीं पाई और दूसरे दिन ही उसकी मौत हो गई। घर परिवार के लोग छोटी बहन अंत्येष्टि में आए थे। अब सूचना मिलते ही बड़ी बहन की अंत्येष्टि में शामिल होने उनके गांव ओडान जाएंगे। वैसे बड़ी बहन रुखमिन वर्मा की उम्र 90 साल थी।

5 किलो आईडी के साथ नक्सली ने किया समर्पण

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर में पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर शुक्रवार को एक नक्सली ने 5 किलो आईडी के साथ आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली कई नक्सली वारदातों में शामिल रह चुका है। वो भैरमगढ़ एरिया कमेटी का सक्रिय मिलिशिया सदस्य था। नक्सलियों की खोखली नीतियों से तंग आकर उसने यह कदम उठाया है। उसने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की ''पुनर्वास नीति'' से प्रभावित होकर शुक्रवार को उसने आत्मसमर्पण किया है।

कई वारदातों को दे चुका है अंजामः बताया जा रहा है कि भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय नक्सली ने शुक्रवार को नारायणपुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली जब सरेंडर करने पहुंचा तब उसके पास पांच किलो का आईईडी था। पुलिस ने नक्सली को अपने कब्जे में लिया और नक्सली के पास मौजूद आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। आत्मसर्पित नक्सली कई वारदातों में शामिल रह चुका है।

सभी सुविधाएं और लाभ प्रदान की जाएंगी

आत्मसमर्पित नक्सली को शासन की पुनर्वास योजना के तहत सभी सुविधाएं और लाभ प्रदान की जाएगी. इसके बाद आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास योजना के तहत पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि उसे सौंपी है।

हेमसागर सिदार, एएसपी

कमला कालेज में विश्व एड्स दिवस का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन के तत्वावधान में 1 दिसंबर 2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जागरूकता रैली एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम भाग में एड्स जागरूकता शपथ ग्रहण के पश्चात रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कौरिनभांठा तथा बसंतपुर रोड होते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई। कार्यक्रम के अगले भाग में उन्मुखीकरण कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जगदीश सोनी, काऊंसलर ब्लड बैंक, धर्मेन्द्र वर्मा आईसीटीसी काऊंसलर, हिमाचल वर्मा एसटीआई काऊंसलर तथा योगेश मुंजारे, प्रोजेक्टर मैनेजर (आईटी) उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा किसी भी बीमारी से बचाव हेतु उसकी संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।

मतगणना आज, सभी तैयारियां पूरी

■ मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित अन्य वस्तुएं रहेंगी प्रतिबंधित

कांकेर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा के लिए मतगणना रविवार 03 दिसम्बर को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव में सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मतगणना कार्य हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और सभी मतगणना कर्मियों को भलीभांति प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। मतगणना के दिन सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम खोले जाने की कार्यवाही प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अभ्यर्थियों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न होगी।

14-14 टेबल लगाए जाएंगे

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ई.व्ही.एम. मशीन से मतों की गणना हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 मतगणना टेबल लगाए गए हैं तथा डाक मतपत्र की गणना हेतु विधानसभावार कुल 08 टेबल लगाए गए हैं, जिनमें अंतागढ़ के लिए 02, भानुप्रतापपुर के लिए 03 एवं कांकेर के लिए 03 टेबल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। वहीं ई.व्ही.एम. मशीन से मतों की गणना अंतागढ़ विधानसभा की मतगणना 16, भानुप्रतापपुर विधानसभा की 19 और कांकेर विधानसभा की मतगणना 18 राउंड में संपन्न होगी। प्रत्येक गणना मेज के समीप बेरिकेडिंग के बाहर सभी अभ्यर्थियों के एक-एक गणना एजेंट के बैठने की व्यवस्था होगी। केवल अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता बेरिकेडिंग के बाहर से ही टेबल से दूसरे टेबल पर आ-जा सकेंगे।

पहली बार महिला कर्मी

उन्होंने बताया कि मतगणना हेतु पहली बार जिले में महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ई.व्ही.एम. मशीन एवं डाक मतपत्र की गणना महिला गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं सहयोग हेतु महिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में अब तक कुल 3571 डाकमत प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त डाक मतपत्रों को पुलिस सुरक्षा में जिला कोषालय में स्थापित स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ले जाने के दौरान अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्तागण उपस्थित रह सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईटीपीबीएस स्कैनिंग के दौरान अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्तागण उपस्थित रह सकते हैं। मतगणना हाल में प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के अलावा किसी भी व्यक्ति को मोबाईल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

इसके अलावा मतगणना केन्द्र के भीतर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश रोकने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेराबंदी की गई है। प्रथम सुरक्षा घेरे में जिला पुलिस बल तैनात किए गए हैं, द्वितीय घेरे में राज्य सशस्त्र पुलिस बल तथा तृतीय घेरे में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात किए गए हैं। यह भी बताया कि गणना परिसर के चारों ओर 100 मीटर की परिधि को ''पैदल यात्री क्षेत्र'' के रूप में निर्धारित किया गया है। इस परिधि में किसी भी वाहन का प्रवेश निषेध होगा। मतगणना हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी फोटो प्रवेश पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा के पहले घेरे को पार करने की अनुमति नहीं होगी।

मतगणना केन्द्र में ये रहेंगे प्रतिबंधित

मतगणना परिसर के बाहर एवं भीतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मतगणना केन्द्र के अन्दर मोबाइल, स्मार्ट वॉच के अलावा बीड़ी, तम्बाकू, गुटखा, सिगरेट जैसे नशीले पदार्थ सहित लाइटर, धारदार वस्तु लेकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। किसी भी अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता को कैलकुलेटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ मतगणना हाल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

बाढ़ पीड़ित दुकानदार को उपभोक्ता फोरम से मिला न्याय

कांकेर/नवप्रदेश। ज़िला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग काँकेर के द्वारा इन दिनों निरंतर जिले के उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए न्याय दिलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में विगत 29 नवंबर को एक महत्वपूर्ण फ़ैसले में उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी की बेंच ने सन् 2016 की बाढ़ में बर्बाद हुए एक दुकानदार को ?10,00,000/ ब्याज सहित क्षतिपूर्ति एवं हरजा खर्चा सहित देने का बीमा कंपनी को आदेश दिया है जो कि अपने उपभोक्ताओं के साथ अन्याय करने वाली बीमा कंपनियों के लिए एक झटका साबित होगा। प्रकरण इस प्रकार है कि कांकेर निवासी सुमित बजाज पिता स्वर्गीय चंदूलाल बजाज ने अपनी

दुकान, जय अंबे जनरल एवं मोबाइल कांकेर का बीमा नेशनल इंश्योरेंस कंपनी जगदलपुर से कराया था तथा उसके प्रीमियम की राशि बैंक ऑफ़ इंडिया के माध्यम से की थी किंतु दुर्भाग्य वश सन् 2016 की 2 अगस्त को अतिवृष्टि से कांकेर में ज़बरदस्त बाढ़ आ जाने के कारण उपभोक्ता की दुकान भी चपेट में आई और उसका लगभग 12 लाख रुपए का नुकसान हो गया। तब से उपभोक्ता सुमित बजाज नेशनल बीमा कंपनी से अपने क्लेम की राशि प्राप्त करने हेतु लगातार चक्कर खाता रहा लेकिन बीमा कंपनी उसके वाजिब दावे को लगातार ठुकराती रही है। अंत में सभी तरफ़ से निराश होकर सुमित बजाज ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सामने फ़रियाद की। मामले की सुनवाई में तथ्य सामने आया कि बीमा कंपनी नेशनल इंश्योरेंस उपभोक्ता को दावे की राशि प्रदान करने से बचने के लिए तरह-तरह के कुतर्क करती रही और समय ख़राब करती रही। अक्सर ऐसे मामलों में बीमा कंपनियों द्वारा सर्वेयर नियुक्त कर दिया जाता है जो नुकसान का आकलन कर करते हुए दावे की राशि निर्धारित करता है। अनेक बार देखा गया है कि ऐसे सर्वेयर लोग पीड़ित पक्ष के साथ न्याय नहीं करते और कंपनियों के पक्ष में एक तरफा फैसला करते रहते हैं, क्योंकि उन्हें पेमेंट कंपनी से मिलना है, पीड़ित से तो कुछ मिलने की उम्मीद रहती नहीं है। नजीर के बाद पीड़ित के पक्ष में दिया फैसला।

दोनों राष्ट्रीय पार्टी कर रहे जीत के दावे

■ तीन विधानसभा के नतीजों पर सियासी अटकलें तेज़

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल नतीजे आने के बाद प्रदेश से लेकर विधानसभा में सभी राजनीतिक दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी अपनी जीत अपने पक्ष में होने की बात कह रहे है। इधर कांकेर जिले के तीनों विधानसभा चुनाव को लेकर अब जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचल तक जीत व हार पर सियासी पारा बढ़ गया है।

कांकेर विधानसभा से कांग्रेस भाजपा में काटे की टक्कर के बावजूद दोनो राष्ट्रीय पार्टी अपने अपने जीत को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं।

इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशियों ने दोनों राष्ट्रीय पार्टी का समीकरण बिगाड़ दिया है। इन तमाम सियासी अटकलों के बीच सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी जीत का दंभ भरते नज़र आ रहे हैं।

अब बात करे कांकेर जिले की सबसे हाईटेक अंतागढ़ विधानसभा सीट की जहां से सिटिंग विधायक अनूप नाग निर्दलीय प्रत्याशी बनकर चुनावी ताल ठोक दिया था इतना ही नहीं पूर्व विधायक मंतु राम पवार भी करीब पांच साल से विधानसभा चुनाव की तैयारी करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में उतरकर अपनी जीत पक्की बता रहे है। इधर कांग्रेस भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी अपनी जीत सुनिश्चित कर तैयारी में जुट चुके हैं।

लोग अपने मंशानुसार अपना-अपना पक्ष रख रहे है।आज सारे दावों वादों की तस्वीर स्पस्ट हो जाएगी कि कौन-कौन विधायक के लिए विजय होगें। हमारे संवाददाता ने जब चर्चा किया तो लोगों ने अपने वक्तव्य इस प्रकार रखे। कांग्रेस के प्रत्याशी रहे व पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा ने कहा कि जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलेगा। एग्जिट पोल में आ रही जानकारी के आधार पर हमारी सरकार बनने की बात कहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया है,बिजली बिल हाफ,स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सहित अन्य योजनाएं लागू किया है,इसलिए जनता का आशीर्वाद उन्हें ही मिलेगा। अंतागढ़ के पूर्व विधायक भोज राज नाग ने कहा कि अंतागढ़ में भाजपा के प्रत्याशी को जीत हासिल होगी। चूकिं का इसका मुख्य कारण है कि कांग्रेस की प्रत्याशी आपस में लड़े। नए प्रत्याशी को अवसर दिया गया है। जनता को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम गांव तक नही पहुंचा है। इसलिए जनता भी अब भाजपा के प्रत्याशी को अपना विधायक चुनेगा।

मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने बताया कि शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थापित मतगणना हॉल में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। गणना हेतु 14 टेबल, डाक मतपत्रों की गणना हेतु 2 टेबल एवं ईटीबीपीएस प्री कार्उटिंग के लिए टेबल लगाया गया है। डाक मतपत्रों की गणना प्रातः 8 बजे से प्रारंभ की जाएगी। इसके बाद ईवीएम की गणना 8.30 बजे से प्रारंभ होगी।

सामान्य प्रेक्षक ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। सामान्य प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत तथा पुलिस अधीक्षक पुस्कर शर्मा द्वारा शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में निर्मित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रविवार 3 दिसंबर को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना स्थल में सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था के अलावा मतगणना

कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वसंत ने अधिकारियों को मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतगणना प्रक्रिया 3 दिसम्बर को सुबह 08 बजे से प्रारंभ की जाएगी। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, घड़ी, पेन, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

हेलमेट जांच के नाम पर वाहन चालकों से वसूली

■ चारामा पुलिस के खिलाफ आमजनों में भारी आक्रोश

चारामा/नवप्रदेश। यातायात नियमों के पालन के बहाने मानो पुलिस को वसूली का पूरा अधिकार मिल गया है। जिसे लेकर क्षेत्र के मचानदुर नाका जो कि वनोपज तथा मण्डी की जांच हेतु निर्धारित है। किन्तु विधानसभा चुनाव के पश्चात वह स्थानीय पुलिस का वसूली अड्डा नजर आने लगा है। राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे मुख्य मार्ग में सभी प्रकार के वाहनों की लम्बी कतारें लगी रहती है जो कि यातायात जांच के बहाने वाहन चालकों की जेबे ढीली की जा रही है बताया तो यह जाता है कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या की संख्या में दो पहिया वाहनों की जांच हेलमेट सहित आवश्यक दस्तावेजों के बहाने न्यूनतम दो सौ से पांच सौ रुपए तक वसुली की जा रही है। जिसका कुछ वाहन चालकों के द्वारा

बहस करने पर उनसे बकायदा रसीद बुक से चालान काटकर खाना पूर्ति तो कर दी जाती है। परन्तु अन्य वाहनों की वसुली का कोई हिसाब बता पाना उनके लिए मुस्किल हो जा रहा है। नेशनल हाईवे मे जांच का दिलचस्प नजारा यह भी है कि जिस सक्षम अधिकारी को जॉच का अधिकार है वह कभी भी नजर नहीं आते है। उनके मतहत कर्मचारी जिन्हे जॉच पड़ताल वा जुर्माना करने का अधिकार नहीं है। उनसे ईस प्रकार वसूली करना अनेक संदेहों को जन्म देता है। व विभाग के कर्तव्यों के प्रति आम लोगों का आक्रोश बढ़ना लाजमी है। कुछ वाहन चालक प्रतिदिन अपने कार्यों से इस मुख्य मार्ग से गुजरने मजबूर है। उनके पास सभी उचित दस्तावेज होने तथा मेलमेट लगाने के बाद भी रोक कर जांच के नाम पर न्यूनतम सौ रुपए वसूल किया जा ता है तो ऐसे लोगों को सदमा लगना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

> न्यायालय के आदेश अनुसार चालानी कार्यवाही किया जा रहा है। शनिवार को मचांदूर नाका में सहायक उप निरीक्षक प्रदीप यादव द्वारा थाना प्रभारी के नाम से वाहन चालकों को नोटिस थमाया गया जबकि वाहन चालकों का चालान बुक में काट रसीद दिया जाना चाहिए था महज नोटिस देकर कार्यवाही किए जाने से पुलिस विभाग पर कई संदेहों को जन्म दे रहा है।
>
> **जितेंद्र गुप्ता** ,थाना प्रभारी चारामा

एसडीएम ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

■ शिक्षा की गुणवता पर विशेष जोर देने दिए गए निर्देश

कांकेर/लखनपुरी/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी चारामा राकेश कुमार गोलछा द्वारा जंगलपारा मरकाटोला स्कूल का औचक निरीक्षण किया गया। शाला में दर्ज सभी बच्चे उपस्थित रहे। निर्माणाधीन किचन शेड का भी निरीक्षण किया गया और इसे शीघ्र पूरा करवाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एसडीएम द्वारा प्राथमिक शाला में दर्ज छात्रों के जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली गई। संस्था के प्रधानाध्यापक के द्वारा दर्ज छात्रों मे से एक छात्र का जाति प्रमाण पत्र प्रक्रियाधीन होना और शेष सभी छात्रों का स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी होना बताया गया। विदित हो कि गत शिक्षण सत्र से ही जिला कलेक्टर डा प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियो को स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु अभियान चलाया गया था जिसमे अधिकांश छात्रों का जातिप्रमाण पत्र प्राथमिक शाला स्तर पर ही बनाने की कार्यवाही की गई है।

नदी-नाले, पथरीले रास्ते पर 25 किमी पैदल चल कर माड़ पहुंचे डीईओ

■ स्कूलों का किया निरीक्षण सुधार होगी शिक्षण व्यवस्था

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और दूरस्थ इलाके में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के कवायद के बीच जिला शिक्षा अधिकारी के साथ शिक्षा विभाग की टीम माड़ इलाके में पहुंची। यहां सातवा ग्राम पंचायत के एहकेली और पल्लेवाया स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। दोनों स्थानों में स्कूल भवन विहीन हैं। यहां नदी का पानी कम होने के बाद भवन निर्माण का निर्णय लिया गया।

बीते दिनों जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल, एपीसी जाकिर खान, एम वी राव ,बीआरसी विजय ओयम ने जिले के अंतिम छोर नारायणपुर जिले के सरहद में बसे गांव पल्लेवाया का दौरा किया था।

सन 2005 में बंद हो चुके थे स्कूल

गौरतलब है कि सलवा जुडूम के बाद यह इलाका वीरान और विस्थापित हो चुका था जो अब सरकार के संवेदनशील प्रयासों से फिर बसने लगा है। 2005 में स्कूल बंद होने के बाद बीते साल यहां स्कूल फिर से शुरू किया गया और स्थानीय नौजवानों के जरिए तालीम के रास्ते फिर से खोले गए। विपरीत हालतों और सुविधाओं के अभाव में इन खोले गए स्कूलों की जमीनी हकीकत देखना शिक्षा विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बीहड़ दुर्गम और अतिसंवेदनशील इलाके के रूप में पहचान बना चुका माड़ एरिया आज भी सामान्य रूप से आवाजाही के लिए सुगम और सुरक्षित नही है।

25 किमी की पैदल यात्रा कर पहुंची शिक्षा विभाग की टीम

इन हालातों में इस चुनौती को पार कर शिक्षा विभाग की टीम 25 किलो मीटर पैदल चलकर करकावाड़ा, एहकेली, पल्लेवाया पहुंची और स्कूलों का निरीक्षण किया। भवन और शुद्ध पानी की आवश्यकता, मिड डे मील का समुचित प्रबंधन, बच्चों की नियमित और शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ न्यूनतम अधिगम दक्षताओं को विकसित करने के कार्य योजना को मूर्त रूप देने रणनीति बनाई गई। शिक्षा दूत, ग्रामीणों से मिलकर चुनौतीयों की पहचान कर उसे दूर करने आपसी सामंजस्य से कार्य करने पर बल दिया गया।

शिक्षा में सुधार के लिए मॉनिटरिंग आवश्यक : डीईओ बघेल

अतिसंवेदनशील माड़ इलाके में दौरे को लेकर डीईओ बीआर बघेल ने बताया की भैरमगढ़ का माड़ इलाका अत्यंत दुर्गम और अतिसंवेदनशील इलाका है। यहां मॉनिटरिंग करना और व्यवस्था बनाए रखना चुनौती है। कलेक्टर की मंशा अनुरूप शिक्षा विभाग की टीम ने एहकेली, पल्लेवाया का दौरा किया गया और शिक्षा व्यवस्था का आकलन कर आगामी दिनों में सुधार की रणनीति बनाई गई है। **भवन निर्माण बड़ी चुनौती** -माड इलाका संवेदनशील और दुर्गम होने से निर्माण कार्य एक बड़ी चुनौती है। इंद्रावती नदी में पुल नही होना किसी भी निर्माण के लिए बड़ी बाधा है। इलाके में स्कूल झोपड़ी और अस्थाई शेड में चल रहे हैं। हालांकि शासन - प्रशासन की प्राथमिकता यहां भवन निर्माण कर बेहतर व्यवस्था देने की है जिसके बाद इस इलाके में शिक्षा व्यवस्था और बेहतर होने की उम्मीद है।

पांच देशों के टूर्नामेंट में हरमनप्रीत होंगे भारतीय टीम के कप्तान

नई दिल्ली। स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 के लिए हरमनप्रीत के नेतृत्व में 24 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट में भारत का मुकाबला मेजबान स्पेन के अलावा जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा। यह प्रतियोगिता 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। दौरे में सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान की भूमिका में होंगे।

गोलकीपिंग विभाग में नियमित रूप से शामिल पीआर श्रीजेश और कृष्ण बी पाठक के साथ सूरज करकेरा की टीम में वापसी होगी। रक्षापंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अलावा जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, सुमित, संजय और नीलम संजीप ज़ेस अपना रोल निभायेंगे वहीं मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और यशदीप सिवाच और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे युवा चेहरे हैं। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, कार्थी सेल्वम, दिलप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह शामिल हैं।

टीम चयन पर बोलते हुए, भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। टूर्नामेंट हमें विभिन्न चीजों को आज़माने और समायोजित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। यह युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, अगले सात महीने हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हमें बहुत सारे मैच खेलने हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम एक प्रक्रिया का पालन करें और चरण-दर-चरण आगे बढ़ें।

हॉकी महिला जूनियर विश्वकप में जर्मनी ने भारत को हराया

सैंटियागो। एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्वकप में रोमांचक मुकाबले में जर्मनी के हाथो भारत को 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। चिली के सैंटियागो में आज खेले गये मुकाबले में भारत की ओर से अन्नु ने 11वें मिनट में, रोपनी कुमारी ने 14वें मिनट में और मुमताज खान ने 24वें मिनट में गोल किये। वहीं जर्मनी की ओर से सोफिया श्वाबे ने 17वें मिनट में, लौरा प्लथ ने 21वें और 36वें मिनट में और कैरोलिन सेइडेल ने 38वें मिनट में गोल दागे।

भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबाव बनाते हुए जर्मनी की रक्षापंक्ति पर हमले जारी रखे। इन हमलों के बीच भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे पर अन्नु ने गोल करके टीम को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद रोपनी ने गोल करके पहले क्वार्टर में भारत की बढ़त 2-0 कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में जर्मनी के लिए सोफिया ने दूसरे ही मिनट में फील्ड गोल किया और लौरा ने दूसरा गोल दाग कर स्कोर को 2-2 की बराबरी पर ला दिया। मुमताज ने हालांकि 24वें मिनट में गोल करके हाफटाइम तक भारत को फिर 3-2 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में लौरा ने 36वें मिनट में गोल कर जर्मनी को फिर बराबरी पर ला दिया। कैरोलिन ने 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके जर्मनी को मैच में बढ़त दिला दी।

आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया लेकिन दोनों टीमे गोल करने में विफल रही। शनिवार को भारत का मुकाबला बेल्जियम से होगा।

केरला ब्लास्टर्स एफसी, चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रॉ पर खत्म

कोच्चि। केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का एक रोमांचक मुकाबला 3-3 पर ड्रा रहा। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के खेले गये मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी के रहीम अली ने मैच 54 सेकंड में आईएसएल इतिहास का छठा सबसे तेज गोल करके खेल की शुरुआत की।

जबकि जॉर्डन मरे ने 13वें और 24वें मिनट में गोल किये। केरला ब्लास्टर्स के लिए दिमित्रियोस डायमांताकोस ने 11वें और 59वें मिनट में और क्वामे पेप्रा ने 38वें मिनट में गोल किये। दोनों छोर से तीन शानदार गोल के बावजूद,अंततः दोनों पक्षों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। केरला ब्लास्टर्स एफसी तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में एफसी गोवा से भिड़ेगी, जबकि चेन्नईयिन एफसी सात दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से मुकाबला करेंगे।

मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन ने 2030 फीफा विश्व कप होस्ट करने लगाई बोली

जिनेवा। फीफा ने घोषणा की कि 2030 विश्व कप के लिए मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन ने टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए बोली लगाई है। फीफा ने कहा कि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। 2034 फीफा विश्व कप के लिए सऊदी अरब की बोली भी फीफा को प्राप्त हुई थी, और मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी। फीफा ने कहा, जनवरी 2024 में फीफा बोली लगाने वाले सभी देशों के साथ बातचीत करेगा और मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 20 टीमें फाइनल

दुबई। युगांडा की क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया और इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पांचवां अफ्रीकी देश बन गया है। युगांडा अपने छह मैचों में से पांच में जीत दर्ज करते हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्षेत्र से इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बन गया है। यह विश्वकप वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफायर में युगांडा ने अपने शुरुआती मुकाबलों में तंजानिया को आठ विकेट से हराया था। हालांकि अगले मुकाबले में युगांडा नामीबिया से हार गयी थी। इस मैच में नामीबियाई ऑलराउंडर डेविड विसे ने 17 रन देकर चार विकेट लिए थे। युगांडा ने टेस्ट मैच खेलने वाले जिम्बाब्वे की टीम को टी-20 मैच में पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। नामीबिया और युगांडा के हाथों हार झेलने वाली जिम्बाब्वे टीम टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने से चूक गई। युगांडा के कप्तान सिकंदर रजा ने जिम्बाबे के खिलाफ 48 रन पर नाबाद रहते हुए टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया, वहीं गेंदबाज दिनेश नाकरानी ने 14 रन देकर तीन विकेट झटके। जिसने जिम्बाम्बे की टीम को सात विकेट के नुकसान पर 136 रन पर रोक दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा के रियाज़त अली शाह ने 42 और अल्पेश रमजानी 40 रन बनाये। उन्होंने एक बड़े क्रिकेट उलटफेर के साथ पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस बार टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अब तक क्वालिफाई करने वाली टीमें में वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया और युगांडा शामिल हैं।

बिजनेस

जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने संयुक्त उद्यम की घोषणा की

नई दिल्ली। एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू मोटर एक वैश्विक फॉर्च्यून 500 कंपनी है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर है और इसकी उपस्थिति 100 से अधिक देशों में है, जबकि जेएसडब्ल्यू समूह विविध व्यवसायों में 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व के साथ भारत के अग्रणी वैश्विक व्यापार समूहों में से एक है।

भारत में एमजी मोटर के परिवर्तन और विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से लंदन में एमजी यूके मुख्यालय में एसएआईसी के अध्यक्ष वांग जियाओकिउ और जेएसडब्ल्यू समूह के पार्थ जिंदल द्वारा शेयरधारक समझौते और शेयर खरीद और शेयर सदस्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑटोमोबाइल और नई तकनीक के क्षेत्र में संसाधनों को एक साथ लाकर रणनीतिक तालमेल बनाएंगे।

संयुक्त उद्यम कई नई पहल भी करेगा जिसमें स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाना, चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार, उत्पादन क्षमता का विस्तार और हरित गतिशीलता पर ध्यान देने के साथ वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना शामिल है।हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, जेएसडब्ल्यू समूह भारतीय संयुक्त उद्यम परिचालन में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगा, जबकि एसएआईसी भारतीय उपभोक्ताओं पर अटूट ध्यान देने के साथ असाधारण गतिशीलता समाधान प्रदान करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और उत्पादों के साथ संयुक्त उद्यम का समर्थन करना जारी रखेगा।बयान में कहा गया है, एसएआईसी मोटर के साथ हमारे रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य हरित गतिशीलता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में एमजी मोटर संचालन को बढ़ाना और बदलना है। संयुक्त उद्यम नई पीढ़ी के इंटेलिजेंट कनेक्टेड एनईवी और आईसीई वाहनों सहित ऑटोमोबाइल उत्पादों के विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी-सक्षम फ्यूचरिस्टिक सूट लाने का मार्ग प्रशस्त करता है। व्यापक स्थानीयकरण पहल पर जेवी का ध्यान भारतीय उपभोक्ताओं को उच्चतम स्तर की ग्राहक सेवा प्रदान करते हुए पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के माध्यम से वित्तीय रूप से रचनात्मक तालमेल पैदा करेगा। इस संयुक्त उद्यम का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को आगे बढ़ाना और इस क्षेत्र में नेतृत्व की स्थिति लेना होगा। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पार्थ जिंदल ने कहा, एमजी ब्रांड का समृद्ध इतिहास सभी को पता है और भारत में इसकी सफलता सभी को देखने को मिल रही है और एसएआईसी में एक मजबूत वैश्विक भागीदार के साथ इस ब्रांड और कंपनी को आगे ले जाने में सक्षम होना वास्तव में सम्मान की बात है।

आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका पर ठोका जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने फेमा की धाराओं के माध्यम से प्राप्त शक्तियों के तहत एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका पर जुर्माना लगाया है।

एचडीएफसी पर प्रवासियों से जमा स्वीकार करने पर आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफ अमेरिका पर फेमा 1999 की उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने दोनों बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने लिखित जवाब और मौखिक दलीलें भी दीं। प्रत्येक मामले के तथ्यों और दोनों बैंकों के जवाबों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उल्लंघन हुआ है और जुर्माना लगाना जरूरी है।हालाँकि, साथ ही, आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य दोनों बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने की 36 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

नई दिल्ली। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 फीसदी यानी 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कहा कि उसने कम लागत संरचना पर ध्यान केंद्रित करने के लिए यह निर्णय लिया है।

लोको के संस्थापक अनिरुद्ध पंडिता के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, हमने हाल ही में लोको वीआईपी कार्यक्रम लॉन्च किया है, जो एक लेनदेन-आधारित कार्यक्रम है जिसने अच्छा प्रदर्शन किया है। और जब हम अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहे थे, तो हमने लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और सोचा कि यह एक ऐसी संरचना है जो टिकाऊ है। हम मुद्रीकरण जैसे मुख्य उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं । इससे लोगों की नौकरियां चली गईं। यह प्रदर्शन-आधारित नहीं है। उन्होंने कहा, हम हमें छोड़ने वाले लोगों की गहराई से परवाह करते हैं और उन्हें वित्तीय सहायता, चल रहे स्वास्थ्य बीमा और विस्थापन सेवाएं प्रदान करेंगे। पुनर्गठन से हमारी टीम के लगभग 40 लोग प्रभावित होंगे और लोको की यात्रा में उनके योगदान के लिए हम उनके आभारी रहेंगे। विपणन और प्रौद्योगिकी जैसे अन्य विभागों के लोग, जो सहभागिता-आधारित पहलों का समर्थन कर रहे थे, सबसे अधिक प्रभावित हुए।रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि छंटनी ने वित्त और अन्य टीमों जैसे अन्य विभागों को भी प्रभावित किया है। संस्थापक ने कहा कि कंपनी ने नौकरी से निकाले गए सभी कर्मचारियों को 60 दिन के लिए विच्छेद वेतन प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन द्वारा आगे किसी छंटनी की योजना नहीं बनाई गई है।

पूर्वानुमान बढ़ाने के बाद घरेलू शेयर बाजार में उछाल

मुंबई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा है कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 40 बीपीएस बढ़ाकर 6.4 फीसदी करने के बाद मिश्रित वैश्विक संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक रहे।

निफ्टी ऊंचे स्तर पर खुला और 95 अंक या 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,890 के पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 204 अंक या 0.31 प्रतिशत उछलकर 66,174 पर बंद हुआ। तेल और गैस, धातु, पीएसयू बैंक और ऑटो हरे रंग में समाप्त हुए। इस सप्ताह ओपेक प्लस की बैठक से पहले तेल की कीमत में गिरावट के चलते तेल विपणन कंपनियों में नए सिरे से दिलचस्पी देखी जा रही है। खेमका ने कहा कि माइनिंग स्टॉक फोकस में रहेगा। सरकार बुधवार को 20 ब्लॉकों की पहली किश्त नीलाम करेगी।त्योहारी मांग में बढ़ोतरी के कारण नवंबर में ओईएम के मजबूत बिक्री आंकड़ों के बीच ऑटो स्टॉक भी सुर्खियों में बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अगले एक महीने में रिकॉर्ड शादियों की उम्मीद के साथ यह गति जारी रहने की उम्मीद है।राज्य के स्वामित्व वाली भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (आईआरईडीए) को लगभग 34 प्रीमियम के साथ पब्लिक डेबू करने की उम्मीद है। बोनान्ज़ा पोर्टफोलियो के शोध विश्लेषक वैभव विदवानी ने कहा, इससे पता चलता है कि 32 रुपये प्रति शेयर के ईशू प्राइस की तुलना में लिस्टिंग प्राइस लगभग 43 रुपये होने का अनुमान है।यह मई 2022 में भारतीय जीवन बीमा निगम के बाद किसी सरकारी इकाई के लिए पहली लिस्टिंग होगी।पांच आईपीओ में से, टाटा टेक्नोलॉजीज ने इश्यू के लिए लगभग 70 गुना की मांग के बाद शेयर बाजार में सबसे अधिक रुचि आकर्षित की।विदवानी ने कहा, निवेशकों की जबरदस्त मांग और निवेशक-अनुकूल मूल्य निर्धारण को देखते हुए, जो टाटा समूह के शेयरधारकों को पुरस्कृत करने के इतिहास को उजागर करता है, 500 रुपये प्रति शेयर के ईशू प्राइस के सापेक्ष 75 प्रतिशत से अधिक के महत्वपूर्ण लिस्टिंग लाभ की उम्मीद की जा सकती है।

वर्ल्ड वाइड 100 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग करेगी रणबीर कपूर की एनिमल

रणबीर कपूर और बॉबी देओल स्टारर 'एनिमल' सिनेमाघरों में रिलीज से बस एक दिन दूर है. फिल्म का क्रेज सातवें आसमान पर है. जब से'एनिमल' का टीजर और फिर ट्रेलर रिलीज हुआ फैंस इसे देखने के लिए बेताब हो गए. ट्रेलर ने साबित कर दिया है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने वाली है. वहीं जिस तरह से 'एनिमल' की बंपर एडवांस बुकिंग हो रही है उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि ये फिल्म वर्ल्ड वाइड पहले दिन 100 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लेगी. संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी 'एनिमल' की पहले दिन के लिए बंपर एडवांस बुकिंग हुई है. आंकड़ों की मानें तो फिल्म के फर्स्ट डे के लिए देश भर में 7 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं और ये रिलीज से पहले ही 20 करोड़ के करीब का कलेक्शन भी कर चुकी है. एडवांस बुकिंग ट्रेंड को देखते हुए, गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 100+ करोड़ की कमाई के साथ ओपनिंग करने वाली तीसरी बॉलीवुड फिल्म बनने के लिए तैयार है.बता दें कि भारत में, एनिमल की एडवांस बुकिंग शाहरुख खान की पठान को टक्कर दे रही है. शाहरुख खान की पठान ने इस जनवरी में 68 करोड़ की कमाई के साथ ओपनिंग की थी.रिपोर्ट के मुताबिक एनिमल के ओरिजनल हिंदी वर्जन में 50-60 करोड़ की कमाई करने की उम्मीद है और डब किए गए तेलुगु संस्करण में 10+ करोड़ की कमाई करने की संभावना है. फिल्म की कुल घरेलू ओपनिंग 65+ करोड़ होने का अनुमान है. दिलचस्प बात ये है कि एडल्ट रेटिंग के बावजूद, फिल्म की पहले दिन की ये संभावित कमाई बेहद शानदार है.रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी बॉक्स ऑफिस पर, एनिमल के पहले दिन 5 मिलियन - 6 मिलियन यानी 41 से 50 करोड़ की कमाई करने का अनुमान है, जिसमें उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर भी शामिल यानी की एनिमल पहले दिन दुनिया भर में लगभग 100-115 करोड़ की कमाई कर सकती है. इससे पहले 105 करोड़ के साथ पठान और 129 करोड़ के साथ जवान दुनिया भर में 100+ करोड़ के साथ ओपनिंग करने वाली साल 2023 की दो फिल्में हैं।

पंकज त्रिपाठी की मैं अटल हूं की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नई झलकियां आईं सामने

भानुशाली प्रोडेक्शन की पहली बायोपिक 'सिर्फ एक बंदा काफी है' से हिंदी सिनेमा में धूम मचाने वाले निर्माता विनोद भानुशाली अपनी अगली बायोपिक 'मैं अटल हूं' के साथ वापसी कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है. देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर बनी इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने लीड रोल में हैं. इसके साथ उन्होंने नई झलकियां साझा की हैं। फिल्म से पंकज त्रिपाठी का पहला लुक सामने आने के बाद से ही फिल्म 'मैं अटल हूं' चर्चा में है. इस फिल्म को रवि जाधव ने निर्देशित किया है और इसे रवि ने ही ऋषि विरमानी के साथ मिलकर लिखा है. फिल्म के निर्माता विनोद भानुशाली की पिछली फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' राजस्थान के वकील पी सी सोलंकी पर बेस्ड थी, जिसमें उन्होंने आसाराम बापू को सजा दिलाई थी. फिल्म 19 जनवरी 2024 को रिलीज होगी.इस साल के फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कारों में सबसे ज्यादा पांच पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' ने हर किसी का दिल जीत लिया. अब निर्माता विनोद भानुशाली अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक से फिर धूम मचाएंगे. भानुशाली ने तय कर लिया था कि अगर ये फिल्म पंकज त्रिपाठी नहीं करेंगे तो वह यह फिल्म बनाएंगे ही नहीं. रिपोर्ट के मुताबिक भानुशाली स्टूडियोज के पास बायोपिक फिल्मों की एक लंबी लिस्ट है, जिसमें से शेर सिंह राणा की बायोपिक का ऐलान हो चुका है।

आईईडी डिफ्यूज करते सीआरपीएफ जवान घायल

दंतेवाड़ा/बीजापुर/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में शनिवार को नक्सलियों के लगाए आईडी विस्फोट में 3 सीआरपीएफ जवान घायल हो गए।

घटना सुबह उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मी बारसूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रावती नदी पर एक पुल के पास

नक्सली बैनर में छिपाए गए विस्फोटक को डिफ्यूज कर रहे थे। दंतेवाड़ा में आईईडी विस्फोट में जवान घायलः सीआरपीएफ अधिकारी ने बताया कि 2 दिसंबर से शुरू होने वाले ÷पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) सप्ताह के तहत बारसूर-पल्ली मार्ग पर नक्सलियों की आवाजाही के बारे में एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन की एक टीम को वहां भेजा गया था। सातधार पुल के पास माओवादी बैनर और उसमें छिपाकर रखे गए आईईडी को देखते ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे डिफ्यूज करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसमें विस्फोट हो गया और तीन जवान घायल हो गए। जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा गया है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

बीजापुर में नक्सली कैंप ध्वस्त

बीजापुर जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। जांगला थाना इलाके में बड़ेतुंगाली के जंगलों में नक्सली नेता भैरमगढ़ एरिया कमेटी के एसीएम शंकर, एसीएम राजेश और 20 से 25 सशस्त्र नक्सलियों के छिपे होने की सूचना डीआरजी, बस्तर फाइटर और छत्तीसगढ़ फोर्स दरभा कैंप को मिली। सूचना के तुरंत बाद संयुक्त टीम मौके के लिए रवाना हुई। बड़े तुंगाली के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों के बढ़ते दबाव से नक्सली कैंप छोड़कर भाग गए। संयुक्त बल ने माओवादी कैंप ध्वस्त कर घटना स्थल से तीर धनुष, टेंट के लिए पॉलीथिन, दवाइयां, माओवादी वर्दी, पोच, पटाखे और दैनिक सामान बरामद किया है।

गढ़चिरौली

नक्सलियों ने भामरागढ़ तहसील के सुदूर मिट्टापल्ली के पास पोस्टर लगाकर चेतावनी जारी की है। जानलेवा गतिविधियों के खतरे को ध्यान में रखते हुए इस सप्ताह पुलिस टीमें अलर्ट पर है।इसमें उन्होंने इस सप्ताह को सेलिब्रेट करने की अपील की है। साथ ही सिस्टम को भी चेताया है। इससे इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। जैसे ही पोस्टर की जानकारी पुलिस को मिली उसे तुरंत हटा दिया है। जानलेवा गतिविधियों को विफल करने के लिए पुलिस तंत्र पूरी ताकत से काम कर रहा है। नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है और गुप्त प्रणालियों के साथ-साथ अत्याधुनिक ड्रोन कैमरों से भी नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

सड़क पर कई जगह पर्चे फेंके और बैनर लगाए

नक्सली अपने मारे गए साथियों की याद में हर साल 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक पीएलजीए वर्षगांठ मनाते है। लगभग 1 सप्ताह तक नक्सली अपने साथियों को श्रद्धांजलि देते नक्सली घटनाएं, पर्चे फेंकना, बैनर लगाकर लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश करते है। नारायणपुर में भी नक्सली पीएलजीए सप्ताह मना रहे है। नक्सलियों को पीएलजीए सप्ताह नक्सलियों ने पीएलजीए सप्ताह के पहले दिन जिला मुख्यालय सेल 45 किलोमीटर दूर छोटेडोंगर रोड के बड़वाय के पास सड़क पर और माड़ीन नदी पुल पर भारी मात्रा में पर्चे फेंके है। नक्सलियों ने वहां बैनर भी बांधे है। नक्सलियों की पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी ने बैनर पोस्टर चस्पा किया है। नक्सलियों ने सड़क पर पत्थर और लकड़ी से जाम भी कर दिया है। फेंके गए पर्चे में नक्सलियों ने आमदई निको माइंस में काम करना बंद करने की अपील लोगों से की है। साथ ही आमदई पहाड़ को बचाने और निको कंपनी के लोगों को जनअदालत में सजा देने का ऐलान किया है। सड़क पर भारी मात्रा में पर्चे फेंकने और रोड जाम करने से आवागमन ठप है।



क्या है पीएलजीए वीक : पीएलजीए सप्ताह को नक्सली शहीद दिवस के रूप में मनाते है। पीएलजीए यानी पीपुल्स लिबरेशन गोरिल्ला आर्मी है।

धान से भरी ट्रैक्टर पलटी

कोरबा/नवप्रदेश। ग्राम हरनमुड़ी में सड़क खराब होने के चलते एक किसान की धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। दुर्घटना में वाहन पर सवार लोग बाल-बाल बच गए। इस घटना से किसान के वाहन और धान का काफी नुकसान हुआ है।

सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से गांव की सड़क को मुख्य मार्ग से जोड़ने की कार्य कर रही हैं, लेकिन सड़क गुणवत्ताहीन होने के कारण खस्ता हालत में तब्दील होते जा रही है। यह सड़क पिछले काफी समय से जर्जर स्थिति में है। इसमें गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ती है।

सड़क खराब होने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। शुक्रवार को मुख्य मार्ग से हरनमुड़ी सड़क में गड्ढे होने के कारण एक किसान का धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। दुर्घटना में वाहन पर सवार लोग बाल-बाल बच गए। किसान का काफी धान सड़क पर बिखर गया।

सड़क में बिखरे धान को इकठ्ठा करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। खस्ताहाल सड़क को लेकर किसानों में रोष है।

अवैध रूप से धान खपाने बिचौलिए सक्रिय

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीद केंद्रों में धान की खरीदी शुरू हो गई है। इसके साथ ही बस्तर संभाग से लगे ओडिशा राज्य में बिचौलिए भी सक्रिय हो गए हैं और धान को अवैध रुप से खपाने की तैयारी में जुट गए हैं।

प्रशासन ने अवैध धान की कालाबाजारी को रोकने के लिए हर जिले में उड़नदस्ते की टीमें गठित की है। सुकमा जिले में गठित इसी टीम को पुष्पाल इलाके में धान का अवैध रूप से परिवहन करते एक पिकअप वाहन को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है।

50 बोरी धान बरामद

उड़नदस्ते की टीम ने धान से भरी 50 बोरियों को जब्त किया है। इसमें 25 क्विंटल धान भरा हुआ था। टीम ने जब पिकअप ड्राइवर से धान परिवहन के कागजात मांगे तो उनकी ओर से कोई कागजात नहीं दिखाया गया। जिसके बाद धान को जब्त कर लिया गया। ड्राइवर से पूछताछ के दौरान पता चला है कि धान सुकमा जिले से लगे ओडिशा के पदमागिरी से सुकमा के पुष्पपाल लाया जा रहा था।

ओडिशा से लाया जा रहा था धान

जिला खाद्य अधिकारी जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि सुकमा जिले के छिंदगढ़ एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व और खाद्य विभाग के संयुक्त टीम द्वारा लगातार इलाके में सर्चिंग की जा रही है , बीती रात भी सुकमा जिले से लगे पड़ोसी राज्य ओडिशा के कलेवांगपारा ग्राम पंचायत गुम्मा के पदागिरि गांव में टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान उनकी नजर ओडिशा की ओर से आ रही एक पिकअप वाहन पर पड़ी, उन्होंने पिकअप वाहन को जांच के लिए रोका और इसकी तलाशी लेने पर उसमें 25 क्विंटल धान की 50 बोरी पाई गई। इस धान से संबंधित कोई भी दस्तावेज वाहन चालक के पास मौजूद नहीं थे। इसके बाद उसे जब्त कर कार्रवाई की गई। खाद्य अधिकारी जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि ओडिशा से धान को केंद्र में अवैध रूप से खपाने के लिए पिकअप में लाया जा रहा था। संयुक्त दल द्वारा धान की अवैध परिवहन और कालाबाजारी करने पर धान को पिकअप वाहन सहित जब्त कर थाना पुष्पाल के अभिरक्षा में देकर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

धान खरीदी शुरू होते ही बिचौलिए हो जाते हैं सक्रिय

बस्तर संभाग में धान खरीदी के शुरू होने से ही लगातार ओडिशा से बिचौलियों के द्वारा अवैध रूप से धान खपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। हालांकि हर साल अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन की टीम के द्वारा उड़नदस्ता टीम गठित की जाती है। लेकिन बिचौलिये बिना भय के ओडिशा से लगातार अवैध धान का परिवहन कर छत्तीसगढ़ के धान खरीदी केंद्रों में खपाने की जुगत में लगे रहते हैं।

छत्तीसगढ़ में धान की कीमत सबसे ज्यादा

खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ में धान का समर्थन मूल्य उड़ीसा राज्य से ज्यादा होने की वजह से बिचौलिए ओडिसा राज्य के धान को छत्तीसगढ़ के खरीदी केंद्रों में खपाने के फिराक में रहते हैं। अवैध धान पर सुकमा जिला प्रशासन की ओर से की गई यह पहली कार्रवाई है।

स्कूल परिसर में निकला कोबरा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में वन्य जीवों के साथ सरीसृप की मौजूदगी यहां के अच्छे जैव विविधता को दर्शाता है। जंगल के संरक्षण के साथ इन जीवों का संरक्षण हमारे पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। जिले में दुर्लभ सांपो का मिलना जिले को अलग पहचान देता है। यहां ग्रामीण ओर शहरी क्षेत्रों सांपो की भरमार हैं, जो कभी कभी लोगों के साथ बच्चों के लिए मुसीबत भी बन जाते हैं पर सही समय में लोगों की जान के साथ सर्प की भी जान बचा लिया जाता है, पहले के अपेक्षा अब लोगों में सांपो के संरक्षण के प्रति सोच में वृद्धि आई है।

कोरबा अंचल के नकटीखार के मिडिल स्कूल में कोबरा साप निकलने से हड़कंप मच गया, बच्चों की सुरक्षा को ध्यान रखते के साथ ही सर्प को भी सुरक्षित करने तत्काल रेस्क्यू टीम को इसकी जानकारी दी गई, सर्प निकलने का मामला यहां पहला नहीं था इससे पहले भी स्कूल में अहिराज सर्प निकल चुका था, बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी स्कूल के लिए तत्काल रवाना हो गए, स्कूल पहुंचने तक कोबरा सांप ईट के ढेर में घुस कर छुप गया, स्थानीय लोगों की मदद से ईट के ढेर को बड़ी सावधानी से हटाया गया तब कोबरा सांप एक किनारे बैठे दिखाई दिया।

जिसको फौरन जितेंद्र सारथी ने रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया तब जाकर बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षको ने राहत भरी सास ली और रेस्क्यू टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया फिर कोबरा साप को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

गांधी सेवा आश्रम और ग्रामीणों के बीच जमीन को लेकर विवाद, चले लाठी डंडे

पंडरिया/नवप्रदेश। नरसिंगपुर मे ग्रामीणों के बीच जमीन और फसल के मामले को लेकर बलवा जैसे संघर्ष के हालात निर्मित हो चुका था ,मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंची। और दोनो पक्षों के ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की गई ।

मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नरसिंगपुर में गांधी सेवा आश्रम और ग्रामीणों के बीच जमीन व फसल को लेकर विवाद शुरू से था इस घटना के संबंध में थाना पंडरिया में शिकायत भी दोनो पक्षों की ओर से कराई गई। वही आज इस मामले में विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया की । ग्रामीणों के बीच खुनी संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई । कई लोगो को चोट भी आई है। पुलिस बल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास भी किया गया । समाचार के लिखे जाने तक मामला शांत नहीं हो पाया था।

स्टोर रूम में मिला विषधारी सर्प

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के सीएसईबी अस्पताल के अंदर स्टोर रूम में जहरीले सर्प को फन फैलाये देखा गया, तब भयभीत होकर इसकी सुचना (आरसीआरएस) संस्था के अध्यक्ष अविनाश यादव को कॉल करके दी गयी। अविनाश यादव ने देरी न करते हुए अपने संस्था के सदस्य उमेश यादव को तुरंत रवाना कर दिया। उमेश के वहां पहुंचते ही उसने देखा कि सर्प फुफकार मारते हुऐ बैठा था। मानों वह लोगों से कह रहा हो की उसके पास मत जाओ उसे भी इंसानों से डर लगता हैं। सर्प मित्र उमेश यादव के द्वारा उस जहरीले नाग को सफलता पूर्वक रेस्क्यू करके जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया।

हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। मजदूरी का पैसा लेकर दो दोस्तों के मध्य विवाद हुआ और एक दोस्त ने लकड़ी से साथी के सिर पर वार कर दिया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। इस घटना के बाद छह माह बाद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस सुत्रों के अनुसार घटना रजगामार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम भुलसीडीह में 14 मई 2023 को घटित हुई थी। पुलिस ने बताया कि बसंत कुमार अपने साथी भिखारी उर्फ राज कंवर के साथ अपने मजदूरी का पैसा लेने कोरबा गया था। कोरबा से दोनों अपने काम का पैसा लेकर शाम पांच बजे अपने गांव भुलसीडीह वापस आए। इस बीच बसंत व राज कंवर का घर के पास गली में पैसे को लेकर विवाद हुआ, तब राज कंवर अपने साथी बसंत कुमार कंवर को धक्का देकर जमीन में गिरा दिया। इसके बाद अपने पास रखे खटिया के पाटी नुमा लकड़ी से उसके सिर एवं मस्तक में वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बसंत को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। जहां सिम्स अस्पताल बिलासपुर में इलाज दौरान 15 मई को उसकी मृत्यु हो गया।

इस पर पुलिस ने धारा 302 के तहत मामला कायम कर आरोपित राज कंवर की तलाश कर रही थी, पर बसंत की मौत के बाद राज कंवर फरार हो गया था। रजगामार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपित वापस आया है, तब पुलिस टीम बना कर घेराबंदी कर भिखारी उर्फराज कंवर 31 वर्ष निवासी दर्रापारा भुलसीडीह चैकी रजगामार को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करने पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

छात्रों ने किसानों को सिखाया मटका खाद बनाने की विधि

पाटन/नवप्रदेश। संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, मर्रा (पाटन) के चतुर्थ वर्ष के छात्र- छात्राओं ने रावे प्रोग्राम के अंतर्गत ग्राम आमालोरी के किसानों व ग्राम वासियों को गोमूत्र, गोबर ,बेसन एवं गुड़ के उपयोग करके मटका खाद बनाने की विधि का प्रदर्शन किया तथा इसके उपयोग एवं महत्व को बताया। मटका खाद बनाने की विधि- मटका खाद तैयार करने के लिए एक मटके में 3 लीटर गोमूत्र, 3 किलो देशी गाय का ताज़ा गोबर, 500 ग्राम बेसन और 250 ग्राम गुड़ मिलाया गया। उसके बाद उसे अच्छी तरह मिलाकर घड़े के मुंह पर कपड़ा बांध दिया गया, एवं ज़मीन में गड्ढा करके दबा दिया गया। इस मिश्रण को कुछ दिनों तक सड़ने दिया जाता है। यदि गर्मी के मौसम में खाद तैयार कर रहे हैं तो मिश्रण को 7 दिनों तक मटके में रखा जाता है। ठंड के मौसम में मिश्रण को करीब 15 दिनों तक मटके में रहने दिया जाता है।मटका खाद इस्तेमाल करने की विधि- प्रति एकड़ खेत के लिए 1 मटका खाद की आवश्यकता होती है। 400 लीटर पानी में 1 मटका खाद को अच्छी

तरह मिला कर घोल तैयार करें। इस मिश्रण को ड्रिप सिंचाई के द्वारा पौधों की जड़ों में दिया जा सकता है। मटका खाद एवं पानी के मिश्रण को कपड़े से छान कर फसलों पर छिड़काव भी किया जा सकता है। मटका खाद का उपयोग बुआई करने के दो दिन पहले और इसका दूसरा छिड़काव 1 महीने के बाद करना चाहिए। जब फसल के फूल अच्छे से आने लगते हैं तो तीसरा छिड़काव किया जाता है।मटका खाद इस्तेमाल करने से अनेक फायदे होती हैं जैसे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ती है, फसलों की पैदावार में बढ़ोतरी होती है, उच्च गुणवत्ता की फसल प्राप्त कर सकते हैं एवं लागत में कमी आती हैं।

इस खाद में कई तरह के लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं। छात्रों के द्वारा यह कार्य अधिष्ठाता डॉ. ओ. पी. परगनिहा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नितिन कुमार तुर्रे एवं मृदा विज्ञान के प्राध्यापक डॉ दीपिका देवदास के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किसानों व ग्राम वासियों के बीच किया गया, जिसमें विजय चंद्राकर एवं अन्य किसान उपस्थित थे ।

खनिज अधिकारी बनकर वसूली, आरोपी जेल दाखिल

कोरबा/नवप्रदेश। खनिज अधिकारी बन कर ट्रैक्टर चालकों से अवैध रूप से वसूली कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आमजनों के मध्य अपनी धौंस जमाने के लिए युवक अपने आपको पत्रकार भी बताता था। कटघोरा पुलिस ने बताया कि कसनिया निवासी पुनीत दुबे द्वारा खनिज अधिकारी बनकर कई ट्रैक्टर चालकों से हजारों रुपये की अवैध वसूली करने की शिकायत लगातार मिल रही थी।

इस पर पुनीत को थाना तलब किया था, तब पुनीत ने थाना आकर प्रार्थी को पैसा वापस करने की बात कही। इसका वीडियो इंटरनेट मिडिया में प्रसारित होने पर पुनीत फरार हो गया था। पुलिस उसकी पतासाजी कर रही थी। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि पुनीत कसनिया में अपने घर पर है। कटघोरा थाना प्रभारी तेज कुमार यादव के निर्देश पर पुलिस टीम ने दबिश देकर पुनीत को पकड़ा। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 384 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पुनीत अपने आपको पत्रकार भी बताता था, ताकि उसका रौब बना रहे।

स्तरहीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, नपा में की शिकायत

गौरेला/नवप्रदेश। गौरेला नगर पालिका द्वारा व्यावसायिक परिसर का निर्माण कराया जा रहा है। पुराने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के ऊपर लगभग एक दर्जन से अधिक नई दुकानों के निर्माण का काम किया जा रहा है। शिकायत है कि, इन दुकानों में नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा बहुत ही लापरवाही और निम्न स्तरीय कार्य कराया गया है।

लापरवाही और घटिया निर्माण के कारण नई बनी इन दुकानों की दीवारों पर उंगलियों को रगड़ने से ही बड़ी आसानी से छेद हो रहा है। मानों ऐसा लग रहा है जैसे इन दीवारों को ईंट और रेत से जोड़कर रख दिया गया हो, नवनिर्मित दुकानों के निर्माण को देखने से साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि, सीमेंट का इस्तेमाल न के बराबर किया गया है, दुकान के कई हिस्सों के ईंट अभी से उखड़ने लगे है।

दुकानों में अभी से हो रहा छेद

गौरेला के राधाकृष्ण मंदिर के सामने बन रहे पुराने तल के ऊपर बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स घटिया निर्माण यही नहीं रुकता है। दुकानों के दीवारों की बीम भी आड़ी तिरछी डाली गयी है। एस्टीमेट के हिसाब से इसमें ढाला गया लेंटर भी बहुत कमजोर दिखाई दे रहा है। साथ ही इसकी मोटाई भी कम है। सवाल यहां यह उठता है कि, शहर के बीचों-बीच बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण का अधिकारियों और इंजीनियरों द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया होगा। जबकि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को देखकर लापरवाही और निम्न स्तरीय कार्य अंदाजा साफ-साफ लगाया जा सकता है।

अब तक कोई कार्यवाही नहीं

कॉम्प्लेक्स अत्यंत स्तरहीन और घटिया निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते हुए दिखाई दे रहा है, भविष्य में इस निर्माण कार्य से गंभीर दुर्घटना होने का अंदेशा भी जताया जा रहा है। अब देखने वाली बात होंगी की खबर के प्रसारित होने बाद नगर पालिका गौरेला के जिम्मेदार अधिकारी मामले के संज्ञान में आने के बाद ठेकेदार और इस घटिया के निर्माण खिलाफ किस प्रकार की कार्यवाही करते हैं। इस नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आधी अधूरी बनी दुकानों की पूर्व में ही बकायदा नीलामी भी हो चुकी है ऐसे में बोलीदारों द्वारा नीलामी में भरपूर राशि देकर इन दुकानों को लिया है और इस तरीके के निर्माण से बन रही दुकानों से वे अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

आरईओ को उपस्थित होने का फरमान जारी

कोरबा/नवप्रदेश। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीमा गौतम नायक द्वारा बताया गया है कि श्री अशोक कुमार सूर्यवंशी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र कोल्गा विकासखण्ड कोरबा में पदस्थ है।

जिनका निवास का पता ग्राम पोस्ट जरहाभाठा (बढ़ईचॉल) पुराना नाका बिलासपुर 25 मार्च 2016 से लगातार कार्य से अनुपस्थित है।

उन्होंने संबंधित को अंतिम चेतावनी देते हुए कार्य में उपस्थित होने अन्यथा एक तरफ कार्यवाही हेतु स्वयं जिम्मेदार होने की बात कही है।